CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

नई दिल्ली, शुक्रवार 15 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 134 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.

www.shahtimesnews.com

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 20 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

### अवकाश सूचना

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 17 अगस्त 2025 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

## पाकिस्तान याद रखे, किसी भी दुस्साहस का परिणाम दर्दनाक होता है: भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तानी नेताओं को जुबान पर कंट्रोल रखने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि पाकिस्तानी नेता भारत के खिलाफ गैर-जिम्मेदार, युद्ध भड़काने वाले और नफरत फैलाने वाले बयान दे रहे हैं। जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तानी नेता अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए बार-बार ऐसे बयान देते हैं। उन्हें अपनी जुबान पर कंट्रोल रखना चाहिए, क्योंकि अगर उन्होंने कोई गलत कदम उठाया तो उसका नतीजा बहुत बुरा होगा। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तानी नेतृत्व द्वारा भारत के विरुद्ध लगातार जारी लापरवाह, युद्ध भड़काने और घृणास्पद टिप्पणियों की खबरें देखी हैं। अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए बार-बार भारत-विरोधी बयानबाज़ी करना पाकिस्तानी नेतृत्व का जाना-माना तरीका है।

# किश्तवाड़ में बादल फटा, 52 मरे

## 28 लोगों के शव बरामद, 167 को बचाया, करीब 100 से ज्यादा अभी लापता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के चशोटी गांव में गुरुवार दोपहर 12.30 बजे बादल फटा। कई लोग पहाड़ से आए पानी और मलबे की चपेट में आ गए। हादसे में 52 लोगों की मौत हो गई है। इनके 28 शव भी मिल गए हैं। अब तक 167 लोगों को बचाया गया है। करीब 100 से ज्यादा लोग अभी लापता हैं।

हादसा उस समय हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचौल माता यात्रा के लिए किश्तवाड़ में पड्डर सब-डिवीजन में चशोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है। बादल वहीं फटा है, जहां से यात्रा शुरू होने वाली थी। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं। सभी बाढ़ के पानी में बह गए। मचौल माता तीर्थयात्रा हर साल अगस्त में होती है। इसमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। यह 25 जुलाई से 5 सितम्बर तक चलेगी। यह रूट जम्मू से किश्तवाड़ तक 210 किमी लंबा है और इसमें पड्डर से चशोटी तक 19.5 किमी की सड़क पर गाड़ियां जा सकती हैं। उसके बाद 8.5 किमी की पैदल यात्रा होती है। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीमें बचाव में जुटी हैं। विपक्ष के नेता सुनील कुमार शर्मा और स्थानीय विधायक ने घटनास्थल का दौरा किया है और राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन प्रशासन स्थिति का जायजा लेने में जुटा हुआ है। केंद्रीय राज्य मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के नेता प्रतिपक्ष और स्थानीय विधायक सुनील कुमार शर्मा से तत्काल संदेश मिलने के बाद अभी-अभी किश्तवाड़ के उपायुक्त पंकज कुमार शर्मा से बात की। चशोटी क्षेत्र में भीषण बादल फटा है, जिससे बड़ी जनहानि हुई है। प्रशासन तुरंत कार्रवाई में जुट गया है, बचाव दल घटनास्थल के लिए रवाना हो गया है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।



■ चशोटी गांव में मचौल माता की धार्मिक यात्रा के लिए पहुंचे कई लोग बहे

■ बादल वहीं फटा, जहां से मचौल माता की यात्रा शुरू होने वाली थी, घटना के बाद यात्रा रद्द

## पीएम मोदी ने दिया हर संभव मदद का भरोसा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बादल फटने से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं हैं। स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बचाव और राहत अभियान जारी है। उधर गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि किश्तवाड़ जिले में बादल फटने की घटना को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बातचीत की। स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है।

## पहलगाम जैसे हमलों को अनदेखा नहीं कर सकते: सुप्रीम कोर्ट

■ जम्मू-कश्मीर को दोबारा राज्य बनाने का मामला, कोर्ट ने केंद्र सरकार से आठ हफ्तों में जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य का दर्जा दोबारा बहाल करने के मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार से आठ हफ्तों के अंदर लिखित जवाब मांगा है। कोर्ट ने अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले का भी जिक्र किया।

सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जमीनी हकीकत और पहलगाम जैसी आतंकी घटनाओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता। दरअसल, 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश बनाया था।









## आज़ादी की 79वीं वर्षगांठ पर स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें



**आर्थिक आज़ादी** ऑक्सफैम ग्लोबल यू.के. एवं अन्य स्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की। आज भी हर साल विदेशी कंपनियाँ व्यापार के नाम पर देश से हज़ारों-लाखों करोड़ रुपए विदेश ले जाती हैं। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रोकने और भारत को आर्थिक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। अर्थ से परमार्थ (Prosperity for Charity): पतंजलि ने 100% लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे। आज स्वतंत्रता दिवस पर 100% स्वदेशी को अपनाने का व्रत लेकर शहीदों के सपनों का भारत बनाएं।

**शिक्षा की आज़ादी** 1835 में मैकाले द्वारा स्थापित गुलामी की शिक्षा व्यवस्था को तोड़ें। भारतीय शिक्षा बोर्ड से अपने विद्यालयों को जोड़ें (Affiliate करें)। अपने बच्चों को BSB से सम्बद्ध विद्यालयों में ही पढ़ाने का व्रत लेकर दिव्य व्यक्तित्व, नेतृत्व व चरित्र से युक्त युवा पीढ़ी के निर्माण के लिए सब साथ आएं, शिक्षा की गुलामी से भारत माता को आज़ादी दिलाएं।

**चिकित्सा की आज़ादी** ड्रग माफिया व मेडिकल माफिया का षड्यंत्र नाकामयाब हुआ है, अन्ततः सत्य की विजय हुई। बीमारियों को मेन्टेन करने के लिए सिंथेटिक दवाइयों को बायकॉट कीजिए। योग, आयुर्वेद से बीमारियों को जड़ से मिटाने के लिए देश भर में फैले 10 हजार से अधिक पतंजलि सेन्टर्स में चिकित्सा का लाभ लीजिए। पतंजलि की रीसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन्स को अपनाइए। निःशुल्क चिकित्सा परामर्श के लिए सम्पर्क कीजिए: 1800 296 1111

श्रेष्ठतम् इंटीग्रेटेड ट्रीटमेन्ट के लिए पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम में आइए। बुकिंग के लिए सम्पर्क करें: 8954666111, 8954666222 (प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक)

**वैचारिक व सांस्कृतिक आज़ादी** सनातन धर्म के शाश्वत मूल्यों, आदर्शों व सिद्धान्तों को जन-जन की जीवनशैली बनाकर सनातन धर्म को युग धर्म के रूप में स्थापित करने के लिए पतंजलि संस्था व संगठन से जुड़ें। योगगुरु स्वामी रामदेव जी को प्रतिदिन प्रातः 5:00 से 7:30 व रात्रि 8:00 बजे आस्था LIVE चैनल व रोज सुबह 7:56 बजे INDIA TV चैनल एवं रात्रि 9:00 बजे संस्कार पर देखें।




**डेन्टल केयर** देश का नं. 1 टूथपेस्ट व फ्रेशनेस का नया अवतार दन्त कान्ति फ्रेश एक्टिव जैल।



**हेयर केयर** जड़ी-बूटियों की ताक़त से प्राकृतिक पोषण देकर हेयर फॉल व डैंड्रफ आदि से मुक्ति दिलाए।




**पर्सनल केयर** एलोवेरा, हल्दी, गुलाब आदि के गुणों से त्वचा में पाएं प्राकृतिक निखार।




**फूड प्रोडक्ट्स** देश का नं. 1 काउ मिल्क बिस्किट, हेल्दी कुकीज़ व नूडल्स, मैदा व ट्रांस फैट रहित। देश का नं. 1 गाय का घी, सरसों तेल व राइस ब्रान ऑयल आदि हेल्दी प्रोडक्ट्स।




**हेल्थ केयर** पतंजलि की किसी दवा पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। हमारी सभी औषधियां पतंजलि केन्द्रों व मुख्य स्टोर्स पर उपलब्ध हैं।




**होम केयर** हानिकारक केमिकल से बने उत्पादों का बहिष्कार करें। पतंजलि के स्वदेशी व सात्विक उत्पादों को अपनाकर देश सेवा में योगदान दें।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता अधिकार के लिए बिहार में शुरू करेंगे यात्राएं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मतदाताओं के मताधिकार को सुनिश्चित करने, लोकतंत्र बचाने तथा संविधान की रक्षा के लिए बिहार में 17 से 30 अगस्त तक यात्राओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा इंडिया गठबंधन के सभी दलों के नेता हिस्सा लेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 17 अगस्त को सासाराम से इन यात्राओं की शुरुआत करेंगे और फिर कटिहार, मधुबनी आदि कई स्थानों से होते हुए यात्रा का 30 अगस्त को पटना में समापन किया जाएगा।

### महबूबा ने अदालत की बात को सराहा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के मामले में दायर याचिका में बहस के समय उच्चतम न्यायालय का पहलगाम आतंकवादी हमले का ज़िक्र करना, इस क्षेत्र की स्थिरता को लेकर भारत सरकार के अविश्वास को दर्शाता है। विदित हो कि इस मामले में उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को केंद्र सरकार से आठ सप्ताह के भीतर जवाब दायर करने को कहा है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं से 'पहलगाम आतंकवादी हमले जैसी ज़मीनी हकीकतों' से अवगत रहने को कहा। इसमें जहूर अहमद भट और खुर्शीद अहमद मलिक ने याचिका दायर की है। सुश्री महबूबा ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के संदर्भ में उच्चतम न्यायालय का हालिया पहलगाम आतंकवादी हमले का जिक्र करना इस क्षेत्र की स्थिरता के प्रति केन्द्र सरकार के निरंतर अविश्वास को रेखांकित करता है।

## ईसी हमें दे वाराणसी की वोटर लिस्ट: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए कथित 'वोट चोरी' आरोप के बाद कांग्रेस मीडिया विभाग चेयरमैन पवन खेड़ा ने गुरुवार को चुनाव आयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संसदीय क्षेत्र वाराणसी की वोटर लिस्ट की मांग की है।

खेड़ा ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री ने 2024 लोकसभा चुनाव में धांधली की है। कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन खेड़ा ने आज प्रेस वार्ता में कहा चुनाव आयोग के कई चेहरे है। चुनाव आयोग का नाम एक है, तो वहीं चेहरे अनेक हैं। उन्होंने कहा कि सात अगस्त को गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और भारत की राजनीति में भूचाल आ गया। इसके कारण ही सत्ता में बैठी सरकार घबरा रही है। खेड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नेता अनुराग ठाकुर की प्रेस कांफ्रेंस में छह और फर्जी वोटर का खुलासा किया गया। उन्होंने कहा कि गांधी जब प्रेस कॉन्फ्रेंस की तो तुरंत नोटिस आ गया, लेकिन ठाकुर को प्रेस कॉन्फ्रेंस करे हुए 24 घंटे हो गए हैं। इसके बाद भी उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया। ठाकुर को छह लोकसभा में गड़बड़ी के आंकड़े छह दिन में मिल गए। हमें छह महीने लगे इन्हें छह दिन में कैसे मिले? चुनाव आयोग को इस पर जवाब देना चाहिए। ठाकुर ने जो सबूत दिए वो एक आपराधिक मामला है।

## स्वतंत्रता दिवस पर 86 गैलेंट्री अवार्ड का ऐलान

नई दिल्ली, वार्ता

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर ऑपरेशन सिंदूर में बहादुरी और साहस दिखाने वाले आर्म्ड फोर्स के 86 जवानों को गैलेंट्री अवार्ड देने का ऐलान हुआ है। वायुसेना के 52 जवानों को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

एयरफोर्स के 9 ऑफिसर को वीर चक्र दिया गया है। इनमें ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के मुरीदके और बहावलपुर में आतंकी ठिकानों को तबाह करने वाले फाइटर पायलट भी शामिल हैं। वीर चक्र युद्ध के समय दिया जाने वाला तीसरा सबसे बड़ा वीरता पदक है। वहीं एयरफोर्स के 13 अधिकारियों को युद्ध सेवा मेडल और 26 अधिकारी-वायुसैनिकों को वायु सेना मेडल दिया गया है। वहीं वाइस चीफ आफ एयर स्टाफ एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी समेत एयरफोर्स के 4 आफिसर को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इंडियन आर्मी के 18 जवानों को वीरता मेडल से सम्मानित किया है।

**■ ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह करने वाले 9 फाइटर पायलट-ऑफिसर को वीर चक्र**

भारतीय सेना के अधिकारी ने बताया कि 2 सीनियर इंडियन आर्मी आफिसर को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया। वहीं 4 कीर्ति चक्र, 4 वीर चक्र और 8 शौर्य चक्र दिए गए हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 16 जवानों को गैलेंट्री मेडल दिया गया है। बीएसएफ देश की पहली सुरक्षा लाइन है, जो 2290 किलोमीटर लंबी भारत-पाकिस्तान सीमा और पश्चिमी इलाके में एलओसी की निगरानी और रक्षा करती है। ऑपरेशन के दौरान बीएसएफ के दो जवान शहीद और सात घायल हुए। इसके अलावा पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी मेडल से सम्मानित किया है। इनमें जम्मू-कश्मीर पुलिस के 128, सीआरपीएफ के 20 और छत्तीसगढ़ पुलिस के 14 पदक शामिल हैं।

### यूपी के 16 पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति के हाथों मिलेगा वीरता पदक



**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रपति की तरफ से उत्तर प्रदेश के 16 पुलिस अधिकारियों को वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वालों में एसटीएफ के डीएसपी धर्मेश कुमार शाही भी शामिल हैं।

शाही बीते साल दो सितंबर 2024 को सुल्तानपुर में मोस्ट वांटेड मंगेश यादव के एनकाउंटर के बाद चर्चा में आए थे। इस एनकाउंटर में शाही चप्पल पहने हुए एनकाउंटर सपोर्ट नजर आए थे। स्वतंत्रा दिवस के मौके पर जिन 16 पुलिस कर्मियों को गैलेंट्री अवार्ड से नवाजा जाएगा, उसमें मनीष प्रताप सिंह चौहान इंस्पेक्टर, अक्षय प्रवीर कुमार त्यागी सब इंस्पेक्टर कांस्टेबल, राजन कुमार कांस्टेबल, मुकेश सिंह डिप्टी सुपरिन्टेंडेंट ऑफ पुलिस, दीपक कुमार सिंह इंस्पेक्टर, हेमंत भूषण सिंह हेड कांस्टेबल, विनोद कुमार हेड कांस्टेबल, प्रमोद कुमार सब इंस्पेक्टर, मुकेश कुमार हेड कांस्टेबल, अरुण कुमार हेड कांस्टेबल ट्विंकल हेड कांस्टेबल, सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस अजय कुमार शाही (आईपीएस) सब इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस धर्मेश कुमार शाही, हेड कांस्टेबल यशवंत सिंह, हेड कांस्टेबल नीरज कुमार पांडे का नाम शामिल है।

### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर सीएम ने किया प्रहार

## कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति ने देश को तोड़ा: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1947 के विभाजन को कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति का काला अध्याय करार देते हुए कहा कि इस भीषण त्रासदी ने सनातन भारत की एकता को तोड़कर देश को पीड़ा दी। उन्होंने कहा कि आज 14 अगस्त 1947 की विभाजन विभीषिका को याद करते हुए पूरा देश शोकाकुल है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2021 में इस दिन को स्मृति दिवस घोषित कर इतिहास को जीवंत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और देशवा.



सियों को इतिहास से सबक लेने का आह्वान किया। प्रदर्शनी में विभाजन के बाद उपजी हिंसा और उससे प्रभावित लोगों से संबंधित डिजिटल आर्काइव फोटो, अखबार कतरनें, राजकीय अभिलेख और विस्थापित परिवारों की संरक्षित सामग्री के जरिए युवाओं को तुष्टिकरण की कीमत उस दौर की वेदना से अवगत कराया गया। योगी ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए क्रांतिकारियों ने फांसी के फंदे को गले लगाया, लेकिन कांग्रेस ने सत्ता लालच में देश का बंटवारा कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिमी पाकिस्तान के लाहौर, कराची, रावलपिंडी, मुल्तान जैसे क्षेत्रों को हिंदू, सिख और बौद्ध विहीन बनाने का अभियान कांग्रेस की नीति का नतीजा था। इस हिंसा में 15-20 लाख लोगों की जान गई और करोड़ों विस्थापित हुए। सीएम योगी ने कहा कि यह अत्याचारों की पराकाष्ठा थी, जिसे कांग्रेस ने बढ़ावा दिया। कांग्रेस पर विस्थापितों के प्रति उदासीनता का भी आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जो हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन और ईसाई समुदाय के लोग घर-बार छोड़कर आए, उनके

### परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी ने विपक्ष को बनाया कूप मंडूप

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि परिवार डेवलपमेंट अर्थारिटी ने समूचे विपक्ष को कूप मंडूप बना दिया है। विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सदन में अपने साढ़े आठ साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए विपक्ष को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने 1947 से 2017 तक विपक्षी दलों के शासनकाल की तुलना अपनी सरकार के 2017 से 2025 तक के कार्यकाल से की और विपक्ष पर परिवारवादी सोच को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

### कानून-व्यवस्था के मॉडल के रूप में उभरा है उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि 2017 तक उत्तर प्रदेश असुरक्षा और उच्च अपराध दर से जूझता रहा जबकि उनकी सरकार ने प्रदेश को भयमुक्त, निवेश-अनुकूल और समाज को सुरक्षित बनाने में सफलता हासिल की है। उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन सदन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब सुदृढ़ कानून-व्यवस्था के मॉडल के रूप में उभरा है, जो निवेशकों और नागरिकों के लिए सुरक्षित माहौल प्रदान करता है।

## भाजपा ने साबित किया पिछड़ गया यूपी: अखिलेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र ने पहली बार 24 घण्टे सदन चलाने का रिकार्ड बनाने पर प्रतिक्रया व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने 24 घंटे का सदन चलाकर साबित कर दिया है कि वो प्रदेश चलाने में कितना पिछड़ गए हैं, इसीलिए चौबीसों घंटे काम करने की बात कर रहे हैं।

यादव ने एक्स पर मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के झपकी लेने और विपक्षी नेताओं के सेल्फी लेने का वीडियो शेयर करते हुए लिखा- सोती रही सरकार, जागता रहा विपक्ष। भाजपा ने 24 घंटे का सदन चलाकर साबित कर दिया है कि वो प्रदेश चलाने में कितना पिछड़ गए हैं, इसीलिए चौबीसों घंटे काम करने की बात कर रहे हैं। भाजपा सरकार बताए कि उसके मुखिया से लेकर मंत्री व कितने विधायक चौबीसों घंटे उपस्थित रहे। उन्होंने लिख- जनता 24 घंटे सदन चलाने के पीछे का तर्क पूछ रही है।

### अखिलेश को नहीं दिखते पीड़ितों के आंसू: पूजा पाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ पर समाजवादी पार्टी से निकाली गई इलाहाबाद पश्चिमी सीट से विधायक पूजा पाल ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि अखिलेश को 30 साल से पीड़ित पीड़ितों के आंसू नहीं दिखे, जब माफिया के बच्चे मर रहे हैं, तो दिख रहा है।



सेंसेक्स 80597.66
निफ्टी 24631.30



सोना रु. 99971
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 115100
प्रति किलो



## लिवाली से मजबूत हुए प्रमुख सूचकांक

मुंबई, वार्ता

बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों में लिवाली से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुए। कुल मिलाकर बाजार में निवेश धारणा कमजोर बने रहने के बावजूद एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई के साथ इंफोसिस और इटरनल जैसी कंपनियों में लिवाली से प्रमुख सूचकांक बढ़त में बंद होने में कामयाब रहे।

बीएसई का सेंसेक्स 57.75 अंक (0.07 प्रतिशत) चढ़कर 80,597.66 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी 11.95 अंक यानी 0.05 प्रतिशत मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर 24,631.30 अंक पर रहा। वहीं मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली के कारण एनएसई का



निफ्टी मिडकैप 50 सूचकांक 0.44 प्रतिशत और स्मॉलकैप 100 सूचकांक 0.38 फीसद टूट गया। निवेशकों ने बैंकिंग के अलावा टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, आईटी और फार्मा कंपनियों में पैसा लगाया। वहीं धातु, एफएमसीजी और रियलिटी सेक्टरों में तेजी रही। विदेशों में एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.45 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.37 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.46 प्रतिशत चढ़ा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.48 प्रतिशत की तेजी में रहा जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.02 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा था।

### यात्री वाहनों की बिक्री जुलाई में 0.2 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** दुपहिया वाहनों के खंड में अच्छे प्रदर्शन के कारण वाहन निर्माता कंपनियों ने इस साल जुलाई में घरेलू बाजार में 19,77,442 वाहन बेचे, जो जुलाई 2024 के 18,42,296 वाहनों की तुलना में 7.33 प्रतिशत अधिक है। यात्री वाहनों की बिक्री में एक साल पहले के मुकाबले जहां गिरावट दर्ज की गई, वहीं दुपहिया वाहनों में तेजी रही। भारतीय वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के आंकड़ों के अनुसार गत जुलाई में यात्री वाहनों की कुल बिक्री 0.2 प्रतिशत घटकर 3,40,772 इकाई पर रह गई। दुपहिया के खंड में स्कूटरों की बिक्री में 16.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 6,43,169 इकाई रही। मोटरसाइकिल की बिक्री 4.7 फीसदी बढ़कर 8,90,107 इकाई पर पहुंच गई।

### सोने-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 126 रुपए कम होकर 99,971 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। चांदी की कीमत भी आज 175 रुपए कम होकर 1,15,100 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,15,275 रुपए पर थी। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही। इस साल 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,809 रुपए बढ़कर 99,971 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 29,083 रुपए बढ़कर 1,15,100 रुपए पर पहुंच गया है।

## एसएंडपी ने भारत की रेटिंग बढ़ाकर 'बीबीबी' की

नई दिल्ली, वार्ता

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने आर्थिक मजबूत और सतत वित्तीय अनुशासन के मद्देनजर भारत की रेटिंग 'बीबीबी माइनस' से बदलकर 'बीबीबी' कर दी है। एसएंडपी ग्लोबल ने गुरुवार को बताया कि उसने भारत का परिदृश्य भी 'नकारात्मक' की जगह 'स्थिर' कर दिया है।

एजेंसी ने कहा कि भारत वित्तीय अनुशासन को प्राथमिकता दे रहा है, जो बुनियादी ढांचे में निवेश के साथ आम लोगों को उनकी सीमा के भीतर वित्त उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता दिखाता है। उसने उम्मीद जताई कि अगले दो-तीन साल में अर्थव्यवस्था के बुनियादी कारक मजबूत बने रहेंगे जिससे विकास को गति मिलेगी। साथ ही मौजूदा मौद्रिक नीतियों के कारण मुद्रास्फीति प्रबंधन सही दिशा में जा रही है। एसएंडपी ग्लोबल ने कहा कि इन्हीं कारकों की वजह से उसने भारत की दीर्घावधि रेटिंग 'बीबीबी माइनस' से बढाकर 'बीबीबी' और आउटलुक स्टेबल कर दिया गया है। इसके अलावा अल्पकालिक रेटिंग 'ए-2' से बढ़ाकर ए-3 कर दी गई है। हालांकि स्थानांतरण एवं परिवर्तनीयता आकलन 'ए माइनस' से घटाकर 'बीबीबी प्लस' कर दिया गया है। एजेंसी का कहना है कि सतत नीतिगत स्थिरता और बुनियादी ढांचे पर भविष्य के लिए परिदृश्य स्थिर है, जो देश की दीर्घावधि विकास यात्रा में सहायक होगा। उसने कहा कि अगले दो साल में नीतिगत और मौद्रिक उपायों से सरकार पर ऋण का बोझ कम होगा, जिसे रेटिंग में और सुधार आएगा। साथ ही उसने चेतावनी दी कि राजनीतिक प्रतिबद्धता कम होने पर वह रेटिंग घटा सकती है और यदि रोजकोषीय घाटा कम होता है, तो वह रेटिंग बढ़ा भी सकती है। उसने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और साल 2022 से 24 तक उसकी औसत विकास दर 8.8 प्रतिशत रही।

## भारत को शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करें छात्र: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को यहां अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के आदिवासी समुदायों के 30 मेधावी छात्रों के साथ बातचीत की और उनसे राष्ट्र को शक्तिशाली बनाने की दिशा में काम करने को कहा।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ये बच्चे अंडमान और निकोबार कमान की सात दिन की राष्ट्रीय एकता यात्रा 'आरोहण: द्वीप से दिल्ली' के अंतर्गत यहां आए हैं। ये छात्र शुक्रवार को लाल किले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के भी साक्षी बनेंगे। छात्रों के साथ बातचीत के दौरान रक्षा मंत्री ने मानवीय मूल्यों के महत्व पर ज़ोर दिया और उन्हें व्यक्ति के चरित्र निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण पहलू बताया। उन्होंने छात्रों से मानवीय मूल्यों में दृढ़ रहने और शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अपने चरित्र निर्माण पर भी समान रूप से ज़ोर देने का आह्वान किया। सिंह ने छात्रों से हर चुनौती का आत्मविश्वास और निडरता से सामना करने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों को आने वाले समय में भारत को सबसे शक्तिशाली राष्ट्रों में से एक बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

बातचीत के दौरान प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और एकीकृत रक्षा स्टाफ के अध्यक्ष एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित भी उपस्थित थे।

### स्मृति दिवस पर राजनाथ और अमित शाह की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 1947 में भारत के विभाजन की भयावहता को याद करते हुए उस विभाजन में जान गंवाने लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आजादी के बाद विभाजन का दंश झेलने वाले लोगों को याद करते हुए देश में हर वर्ष 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाया जाता है। इस अवसर पर सिंह ने देश के इतिहास के उस 'दर्दनाक अध्याय' को याद करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर 1947 के उस दर्दनाक अध्याय को याद करते हुए मैं उन सभी भाइयों और बहनों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्हें भारत के विभाजन के बाद नफरत और हिंसा के भयावह परिणामों को सहना पड़ा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद
आवाम-ए-हिन्द पार्टी जिन्दाबाद
ऑल इण्डिया
आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027
नया विजन-हमारा मिशन
हिन्दू-मुस्लिम साथ चलेगा, एकता का राज चलेगा।

राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष
साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
Ph. 9027879829, 9411626066




## कार्यालय नगर पंचायत पाकबड़ा (मुरादाबाद)

### 15 अगस्त 2025 ''स्वतन्त्रता दिवस'' के अवसर पर सम्मानित जनता से अपील

1. जल का सदुपयोग करें. 2. नगर को साफ रखने में सहयोग करें. 3. पॉलिथीन का उपयोग न करें 4. डेंगू चिकनगुनिया, मलेरिया एवं स्वाइन फ्लू से बचाव हेतू अपने आसपास स्वच्छता का वातावरण बनाये रखे तथा आसपास जल का भराव न होने दें। रोगो के लक्षण दिखने पर चिकित्सक की सलाह से ही दवाईयां लें 5. पॉलीथीन का प्रयोग स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है, इससे कैंसर जैसी अन्य घातक बीमारियों के होने की पूर्ण संभावना है। 6. जन्म मृत्यु पंजीयन नियमानुसार करायें 7. दैनिक प्रयोग से पॉलीथिन को दूर हटायें, पॉलीथिन की जगह कपड़े के थैले अपनायें 8. स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक नागरिक अपने अवास पर ''हर घर तिरंगा अभियान'' के अन्तर्गत झण्डा फहरायें एंव संध्या काल उपरान्त झण्डे को सहसम्मान पूर्वक उतारकर सुरक्षित रख लें 9. यह नगर आपका अपना नगर है, इसे स्वच्छ बनाने में हमारा सहयोग करें 10. घर से व दुकानों से जनित कूड़े को कूड़ा गाड़ी में ही डालें, खुले में कूड़ा कचरा नहीं डालें।

| | |
|---|---|
| **विजय आनन्द** | **मौहम्मद याकूब** |
| अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| नगर पंचायत पाकबड़ा। | नगर पंचायत पाकबड़ा। |

**समस्त सभासद एवं कार्यालय स्टाफ**
**नगर पंचायत पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद।**
























### एसडीजीआई यूनिवर्सिटी के कुलपति व उप-कुलपति ने की

# सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एस.डी.जी.आई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलपति, प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आधिकारिक आवास पर भेंट की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की समस्त कार्यप्रणाली और संचालन के बारे में जानकारी साझा की गई, जो पूर्णतः यूजीसी और उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के मानकों के अनुरूप है। कुलपति ने विश्वविद्यालय की स्थापना से अब तक शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नवाचारों और उपलब्धियों के बारे में मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया। चर्चा में विशेष रूप से विश्वविद्यालय की प्रमुख पहलों जैसे सबके लिए कौशल विकास, भारतीय ज्ञान प्रणाली और भारतीय ज्ञान के संवर्धन पर प्रकाश डाला गया। मुख्यमंत्री जी ने इंडस्ट्री अकादमिक इंटरफेस को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि छात्र बदलते पेशेवर परिवेश के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें। इसी क्रम में प्रो. डॉ. प्रसेनजीत कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के अनुरूप नए पाठ्यक्रमों और सुधारों से जुड़े सुझाव भी साझा किए। प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच की सराहना करते हुए इस संवाद को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता दोहराई कि संस्थान हमेशा मूल्य- आधारित, NEP-अनुपालन और उद्योग-उन्मुख शिक्षा प्रदान करता रहेगा, जिससे विद्यार्थियों को उज्ज्वल और प्रभावशाली भविष्य के लिए सशक्त बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की और राज्य में गुणवत्तापूर्ण तथा कौशल- आधारित शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

## गाजियाबाद पब्लिक स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पब्लिक स्कूल में कक्षा आठ तक विद्यार्थियों द्वारा जन्माष्टमी का भव्य एव रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डा भावना यादव द्वारा भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवल द्वारा हुआ। मंच पर विद्यार्थियों ने कृष्ण जन्म की झांकी, गोप-गोपियों के नृत्य भजन प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'मटकी फोड़ प्रतियोगिता' रहा। जिसमें विद्यार्थियों ने टीम बनाकर बड़े उत्साह से भाग लिया। रस्सी से ऊंचाई पर बंधी मटकी तक पहुंचने के लिए बच्चों ने पिरामिड बनाकर प्रयास किया। तालियों की गड़गड़ाहट और 'गोविन्दा आला रे' नारों के बीच अंततः विजयी टीम ने मटकी फोड़कर दही और मिठाईयों का आनंद लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा भावना यादव ने विदयार्थियों के उत्साह, टीमवर्क, और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ाव बढ़ाते है, बल्कि सहयोग व एकता की भावना को भी बढ़ाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में, भक्ति और आनंद का माहौल छाया रहा।

### आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में

## बी.पी.टी के छात्रों ने ओरिएंटेशन प्रोग्राम में जाना कार्डियोपलमोनरी फिजियोथेरेपी का महत्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस फिजियोथेरेपी कालेज में बीपीटी के 21वें बैच - 2025-29 के तीन दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम के अंतिम दिन का आयोजन 14 अगस्त 2025 को उत्साह और प्रेरणा से भरे वातावरण में हुआ। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य नए विद्यार्थियों को कार्डियोपलमोनरी फिजियोथेरेपी के महत्व, अवसरों और संभावनाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ विश्व प्रकाश गुप्ता, (कंसलटेंट कार्डियोपलमोनरी फिजियोथेरेपिस्ट, सीटीवीएस टीम, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली) उपस्थित रहे। डॉ विश्व प्रकाश गुप्ता का लगभग चार दशकों का समृद्ध अनुभव है, जिसमें उन्होंने एम्स, नई दिल्ली में 1985-2021 तक मुख्य फिजियोथेरेपिस्ट एवं सीटीवीएस फिजियोथेरेपी यूनिट के प्रमुख के रूप में कार्य किया। आईटीएस - दी एजूकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ वीपी गुप्ता का सम्मान किया। डॉ आरपी चड्ढा एक दूरदर्शी शिक्षाविद् और प्रेरणादायी नेतृत्वकर्ता है। जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र मे उत्कृष्टता और नैतिक मूल्यों को बढावा देने के लिये महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके नेतृत्व में आईटीएस समूह ने उच्च शिक्षा, अनुसंधान और सामाजिक जिम्मेदारी के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

### रालोद कार्यकर्ताओं ने दी चौधरी जयंत सिंह को शादी की वर्षगांठ की बधाई

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्र सरकार में केंद्रीय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चौधरी जयंत सिंह को शादी की वर्षगांठ की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष खेलकूद प्रकोष्ठ निरपाल चौधरी के साथ केक काटकर काटा शुभकामनाएं बधाई दी। इस अवसर पर चौधरी निरपाल सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ राष्ट्रीय लोकदल इंद्रजीत सिंह टीटू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र चौहान प्रदेश महामंत्री रेखा चौधरी महानगर अध्यक्ष प्रदेश सचिव ऑडी त्यागी विजय कौशिक राष्ट्रीय महासचिव भूपेंद्र डबास प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजीव अरोड़ा महानगर अध्यक्ष संजीव चौधरी जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा जिला महासचिव प्रदीप त्यागी जिला महामंत्री आदि उपस्थित रहे।

## आईआईए चैप्टर की 50वीं मंथन बैठक हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.आई.ए के द्वारा 50 वीं मंथन बैठक का आयोजन घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अभिनव गोपाल, आईएएस, मुख्य विकास अधिकारी, विशिष्ठ अतिथि उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, श्रीनाथ पासवान, उप-श्रमायुक्त, श्रम विभाग, अनुराग मिश्र, सहायक निदेशक, कारखाना अधिनियम, कृपांशु सिंह, श्रम निरीक्षक संदीप पाण्डे, शेर सिंह, निदेशक, नेशनल टेस्ट हाउस, गाजियाबाद उपस्थित रहे। सर्वप्रथम चौप्टर सचिव हर्ष अग्रवाल ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत किया। सभी अतिथियों का प्लांट देकर स्वागत किया गया। जिसके उपरांत एक-दूसरे के परिचय के साथ बैठक का शुभारम्भ हुआ। चैप्टर चेयरमैन संजय अग्रवाल ने सभी को 79वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाऐं दीं तथा सभी से अनुरोध किया कि अपनी इकाई एवं आवास पर तिरंगा नियमानुसार अवश्य फैरायें। निर्वतमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने कहा कि आज भारत के विकास की गाथा विभिन्न क्षेत्रों में अद्भुत उपलब्धियों से भरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "अमृत काल" में विकसित भारत, गुलामी की हर सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता व नागरिकों द्वारा अपने कर्तव्य पालन के "पंच प्राण" का आह्वान किया। आजादी का 79वां स्वतंत्रता दिवस एक ऐतिहासिक दिन है और यह पुण्य पड़ाव, एक नयी राह, एक नए संकल्प और नए सामर्थ्य के साथ कदम बढ़ाने का शुभ अवसर है। उपायुक्त उद्योग, उप- श्रमायुक्त तथा सहायक निदेशक कारखाना अधिनियम ने अपने- अपने विभागों से सम्बन्धित प्रोत्साहन योजनाओं के बारे में अवगत कराया तथा 79वें स्वतंत्रता दिवस की सभी को अग्रिम शुभकामनाऐं दीं। कुछ उद्यमी साथियों ने अपनी समस्याऐं भी प्रस्तुत की गईं, जिनके समाधान हेतु अधिकारियों द्वारा आश्वस्त किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाऐं प्रदान करते हुए आह्वान किया कि आईआईए द्वारा आयोजित इस ब्रेकफास्ट मंथन बैठक में समस्त औद्योगिक संगठन एक साथ मिलकर इन्फ्रास्ट्रेक्चर, सीवर, रोड, प्रकाश व्यवस्था इत्यादि का क्षेत्रवार ब्लू प्रिंट तैयार करे, जिसमें आईआईए बड़ा संगठन होने के कारण उसकी अहम भूमिका है।

## विभाजन विभीषिका की चित्र प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिला प्रशासन व सिविल डिफेंस द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस अवसर पर राम लीला मंच राम लीला मैदान कविनगर पर विभाजन विभीषिका की चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अभिनव गोपाल आई ए एस, मुख्य विकास अधिकारी ने प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थियों को भारत के स्वतंत्रता के समय हुए धर्म के आधार पर हुए विभाजन और विस्थापित हुए आम नागरिकों की कठिनाइयों और संघर्ष के बारे में भी बताया तथा इस अवसर पर प्रदर्शनी में दो टी वी पर वीडियो फिल्म से भी विभाजन के समय की त्रासदी को दिखाया गया। इसी अवसर पर कविनगर रामलीला मैदान के जानकी सभागार में एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें अभिनव गोपाल आईएएस मुख्य विकास अधिकारी, वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश साधना, सरदार एसपी सिंह सदस्य पूर्व अल्पसंख्यक आयोग उत्तर प्रदेश, रमन मिगलानी अध्यक्ष पंजाबी एकता सभा, हरमीत बख्शी अध्यक्ष पंजाबी सभा, मुख्य ट्रस्टी अखिल मुल्तानी कल्याण सेवा समिति विनय कक्कड़, उपेंद्र गोयल ने अपने अपने विचार सभागार में उपस्थित नागरिकों और विद्यार्थियों के सम्मुख रखे। चीफ वार्डन ललित जायसवाल द्वारा सभी आए हुए अतिथियों का धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी वाई पी सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव, सहायक उप नियंत्रक गुलाम नबी, पूर्व डिप्टी चीफ वार्डन अनिल अग्रवाल, जिला महिला कल्याण अधिकारी नेहा, सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डन दीपक अग्रवाल, सुधीर कुमार, हर्ष वर्मा, रमन सक्सेना, संध्या त्यागी, राज. कुमार तोमर, संजय गोयल, दिव्यांशु सिंघल आदि अनेकों वार्डन विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी और अनेकों संस्थाओं के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस भाव विभोर कर देने वाले कार्यक्रम का संचालन पूनम शर्मा द्वारा किया गया।



**मोदीनगर। पुलिस ने गैंगस्टर के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, एसीपी अमित सक्सेना ने बताया कि रवि वर्मा व दीपक निवासी जिला मेरठ को गिरफ्तार किया गया है। रवि पर 6 व दीपक पर 3 मुकदमे दर्ज हैं**

### इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ट्रांस हिंडन के द्वारा

## तिरंगा फहराने के कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ट्रांस हिंडन साहिबाबाद ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मो आकिफ, सहायक प्रबंधक, जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केंद्र गाजियाबाद की गरिमामयी उपस्थिति मे व अशोक चौधरी अध्यक्ष, एमपी शर्मा उपाध्यक्ष, मनोज तोमर वरिष्ठ महासचिव, संजीव त्यागी महासचिव, राजीव रस्तोगी कार्यकारिणी सदस्य, दमनप्रीत पाल सिंह कार्यकारिणी सदस्य, एम.एस. रावत कार्यकारिणी सदस्य, अजय तिवारी, वेद प्रकाश गोस्वामी, सुनील कुमार, दिनेश कुमार, दीपक कुमार, सुनील कुमार, व अन्य की उपस्थिति में औद्योगिक क्षेत्र साईट 4 मे तिरंगा फहराने के कार्यक्रम का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया। बड़ी संख्या में हमारे उद्यमी भाइयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की तरफ से हम सबका आभार प्रकट करते हैं। इस पहल ने पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया है शहरों से लेकर गांवो तक लोग गर्व से अपने घरों पर तिरंगा फहरा रहे हैं यह न केवल राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि हम सभी एक ही राष्ट्र के अभिन्न अंग हैं। इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ट्रांस हिंडन साहिबाबाद।-43, साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया, गाजियाबाद।

### प्री स्कूल के बच्चों ने मनाया जन्माष्टमी का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पंजीकृत शिक्षण फर्म सिद्धार्थ एजुकेशनल ग्रुप द्वारा संचालित राजनगर एक्सटेंशन स्थित चाइल्डहुड जॉन प्री स्कूल में बच्चो द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छोटे छोटे बच्चों ने कान्हा जी और राधा रानी की वेशभूषा में रंगारंग कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा दिखाई।

## डॉ. केएन मोदी ग्लोबल स्कूल ( टेक्सटाइल शाखा ) स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** 14 अगस्त 2025 को डॉ.के.एन. मोदी ग्लोबल स्कूल टैक्सटाइल शाखा में देशभक्ति और जन्माष्टमी के रंगों से मिले-जुले समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में डॉ के एन मोदी फाउंडेशन के प्रशासनिक अधिकारी मेघराज शर्मा जी, डॉ. के.एन. मोदी ग्लोबल फाउंडेशन के डायरेक्टर शिशिर रस्तोगी, फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक दीपांकर शर्मा, सभी विभागों के अध्यक्ष, टेक्सटाइल शाखा की हेडमिस्ट्रेस श्रीमती सपना खुराना व कोऑर्डिनेटर श्रीमती आकांक्षा शर्मा उपस्थित रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश एवं संस्कृति से जुड़े तथ्यों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान का भाव जागृत करना था। इस दिन संपूर्ण विद्यालय परिसर उल्लास, भक्ति और रचनात्मकता से भर गया जब छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। दिवस के आरंभ में प्री-नर्सरी और नर्सरी के नन्हे-मुन्नों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में अपनी मासूम अदाओं से सबका दिल जीत लिया,जूनियर के.जी. और सीनियर के.जी. के छात्रों ने छोटे-छोटे देशभक्त बनकर देशप्रेम की मिसाल पेश की,कक्षा 1 और 2 के छात्रों ने जन्माष्टमी विषय पर फैंसी ड्रेस के माध्यम से बाल गोपाल का रूप धारण कर संपूर्ण मंच को आनंदित और भक्तिमय कर दिया। कक्षा 3 से 5 के छात्रों ने अंतर-गृह स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मकता और देशप्रेम का परिचय दिया, साथ ही कक्षा 6 और 7 के बच्चों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अपनी कल्पनाओं में देशभक्ति के रंग भरे। इसके पश्चात सभी छात्रों ने देश भक्ति में जन्माष्टमी से संबंधित अनेक रंगारंग कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया व कविताएं सुनाई।

## आईटीएस मोहननगर में तिरंगा यात्रा का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** देशभक्ति और राष्ट्रीय गर्व की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आई.टी.एस मोहन नगर के राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के स्वयंसेवकों ने आज 'तिरंगा रैली' का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर पूरे देश में चल रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत किया गया, जिसका उद्देश्य नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना और देश की एकता एवं अखंडता के प्रति संकल्प को दोहराना है। इस अवसर पर आइ टी एस दी एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमेन श्री अर्पित चड्ढा जी ने सभी शिक्षकों एवं छात्रों को तिरंगा रेली में भाग लेने के लिए शुभकामनायें दीं और उनका हौसला बढ़ाया। रैली की शुरुआत आई.टी.एस. परिसर से निदेशक डा. सुनील कुमार पांडे एवं वाइस प्रिंसिपल डा. नेन्सी शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। इस अवसर पर एन.एस.एस. स्वयंसेवकों, संकाय सदस्यों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए और लोगों को 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एनएसएस समन्वयक प्रो. अमित शर्मा ने कहा, "तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं है, यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम, बलिदान और एकता का प्रतीक है। इस रैली के माध्यम से हमारे एन.एस.एस. स्वयंसेवक देश के प्रति प्रेम और एक बेहतर भारत बनाने में सक्रिय भागीदारी का संदेश दे रहे हैं।" रैली का मार्ग मोहन नगर के आसपास के प्रमुख क्षेत्रों से होकर गुजरा, जिससे स्थानीय निवासियों का ध्यान आकर्षित हुआ और उन्हें भी इस अभियान से जुड़ने की प्रेरणा मिली। एनएसएस टीम के सदस्य डॉ. संदीप गर्ग, प्रो. आदिल खान, प्रो. विकास कुमार, प्रो. प्रशांत त्यागी और विकास त्यागी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। 'हर घर तिरंगा' अभियान, आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति लोगों के व्यक्तिगत जुड़ाव को और गहरा करना तथा भारत की 78 वर्षों की स्वतंत्रता यात्रा का उत्सव मनाना है।

## इनर व्हील क्लब के कार्यक्रम में कोमल व मोना बनी विजेता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** इनर व्हील क्लब मोदीनगर स्मार्ट द्वारा स्पाइस गार्डन स्थित रेस्टोरेंट में क्लब इंस्टॉलेशन का प्रोग्राम संपन्न हुआ कार्यक्रम का संचालन चार्टर प्रेसिडेंट रेनू मित्तल द्वारा किया गया अतिथि डॉक्टर कविता शर्मा व टीम द्वारा दीप प्राजूलन कर कार्यक्रम को विधिव्त प्रारंभ किया गया प्रेसिडेंट नीता माहेश्वरी को सेक्रेटरी रेनू गुप्ता ने कॉलर पहनाया। इसके उपरांत वाइसप्रेसिडेंट, पारुल गोयल सेक्रेटरी, ट्रेजर राधिका महेश्वरी, पेव पारुल मोदी एवं एडिटर प्रमिला को पिन लगाया गया अतिथि द्वारा क्लब क्वीन को ताज पहन कर सम्मानित किया जिसमें कोमल प्रथम व मोना अग्रवाल रन अप रही। आज ही तिरंगा डिश और कान्हा झूला की सजावट का कंपटीशन भी रखा। तिरंगा डिश में शिखा तायल प्रथम एवं राधिका माहेश्वरी द्वितीय रही। दर्शन नौटियाल मुदिता रुचि त्यागी आदि द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी गई।

कान्हा झूला में शिखा तायल प्रथम एवं रितु अग्रवाल द्वितीय रही। विजेताओं को ट्रॉफी दी गई। सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में रूपाली श्वेता रुचि गुप्ता मीनू गोयल अनुराधा ज्योति सुरभि मानसी सुचेता अर्चना अनु संजना मोनिका आदि का सहयोग रहा।

## एसआरएमआईएसटी दिल्ली-एनसीआर कैंपस में 28वां इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारम्भ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस, गाजियाबाद (उ.प्र.) में 13 अगस्त 2025 को ईस्वरी ऑडिटोरियम में 28वां इंडक्शन प्रोग्राम बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में आरंभ हुआ। यह आयोजन माननीय संस्थापक चांसलर डॉ. टी.आर. पारिवेंद्र, प्रो-चांसलर (प्रशासन) डॉ. रवि पचमुथु तथा माननीय प्रो- चांसलर (अकादमिक) डॉ. पी. सत्यनारायण के मार्गदर्शन से 13-20 अगस्त 2025 तक सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। स्वागत भाषण डॉ. आरपी महापात्रा, डीन, एसआरएम आईएसटी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस, गाजियाबाद ने दिया। इसके बाद "बिल्डिंग कैरियर्स एट एसआरएम" विषय पर डॉ. एन. वेंकटा सास्त्री, निदेशक ख करियर सेंटर, एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने अपने विचार साझा किए। अध्यक्षीय संबोधन प्रो. सी. मुथमिझचेलवन, वाइस चांसलर, एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा दिया गया।

मुख्य अतिथि अशुतोष अंशु, बोर्ड डायरेक्टर एवं मुख्य मानव संसाधन अधिकारी, हिताची इंडिया प्रा. लि., ने अपने प्रेरक संबोधन से विद्यार्थियों के मन में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए ज्ञान, अनुशासन और सकारात्मक सोच अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, और उन्होंने छात्रों को अपने सपनों को साकार करने के लिए निडर होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे डॉ. एस. विश्वनाथन, निदेशक, एसआरएम आईएसटी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस, गाजियाबाद ने प्रस्तुत किया। इसके बाद राष्ट्रीय गान हुआ। पूरे ऑडिटोरियम में उत्साह, उमंग और नई शुरुआत का जोश महसूस किया जा सकता था।

इस कार्यक्रम को एसआरएमआईएसटी दिल्ली-एनसीआर के निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन, डॉ. आर. पी. महापात्रा (डीन), डॉ. नवीन अहलावत (डीन - विज्ञान एवं मानविकी), डॉ. धौम्या भट्ट (डीन ख आईक्यूएसी) तथा डॉ. गीता भवानी (डीन ख अनुसंधान) के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, इवेंट मैनेजमेंट के सदस्यों, स्टाफ सदस्य और नवप्रवेशी छात्र-छात्राएँ और माता-पिता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम का वातावरण और भी जीवंत हो गया। यह दिन न केवल एक औपचारिक शुरुआत थी, बल्कि उन युवा चेहरों के लिए एक नए सफर की प्रेरणादायक पहली सीढ़ी भी बन गया।

# मुख्यमंत्री ने दिए खतरनाक पेड़ों की पहचान करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कालकाजी क्षेत्र में मूसलाधार बारिश के दौरान एक पेड़ के मोटर साइकिल पर गिरने से एक व्यक्ति की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने सभी सड़क स्वामित्व वाले विभागों को निर्देश जारी किए हैं कि वे ऐसे पेड़ों की पहचान करें, जो लोगों की जान के लिए खतरा बन सकते हैं। उन्होंने विभागों को यह भी आदेश जारी किया है कि वे नियमानुसार ऐसे पेड़ों की छंटाई, हटाने या प्रतिरोपण का कार्य करें।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार मॉनसून के मौसम में भारी बारिश व तेज हवाओं के चलते सड़क किनारे या सार्वजनिक स्थलों पर अत्यधिक बड़े, असुरक्षित या जर्जर पेड़ लोगों की सुरक्षा व संपत्ति आदि के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। ऐसे पेड़ों की समय रहते छंटाई, देखरेख या स्थानांतरण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पेड़ों का उचित रखरखाव न केवल पेड़ों के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकेगा बल्कि यातायात को सुचारु रखेगा और बिजली तथा अन्य आवश्यक सेवाओं को होने वाले नुकसान को भी कम करेगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्पष्ट कहा कि दिल्लीवासियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और जनता सुरक्षित वातावरण में जीवन व्यतीत कर सके। इसीलिए संबद्ध विभागों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक विभाग और एजेंसियों में जिम्मेदार अधिकारियों को नामित किया जाए जो इस कार्य की निगरानी करेंगे, सुरक्षा मानकों के अनुरूप छंटाई सुनिश्चित करेंगे और समय पर कार्य पूरा होने की रिपोर्ट देंगे। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि जिन इलाकों में पदयात्रियों या वाहनों की संख्या ज्यादा हो, वहां पेड़ों की छंटाई को प्राथमिकता दी।

## दिल्ली में यमुना का जलस्तर 204.43 मीटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर पुराने रेलवे पुल पर गुरुवार को 204.43 मीटर तक पहुंच गया है, जो चेतावनी स्तर 204.50 मीटर के करीब है। अधिकारियों के अनुसार, स्थिति पर नजर रखी जा रही है और सभी संबंधित एजेंसियों को संभावित बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए एहतियाती कदम उठाने को कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि सुबह ९ बजे पुराने रेलवे पुल पर यमुना का जलस्तर 204.43 मीटर था। शहर के लिए चेतावनी का निशान 204.5 मीटर है, जबकि खतरे का निशान 205.3 मीटर है और निकासी 206 मीटर पर शुरू होती है।

## नौकरी दिलवाने का झांसा देकर घर में घुसकर बलात्कार

**नई दिल्ली।** मुंडका में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर एक महिला से बलात्कार किया। पुलिस मामला दर्ज करके अरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ३२ साल की पीड़ित महिला मूलरूप से नेपाल की रहने वाली है। उसके चार बच्चे हैं। कुछ समय पहले ही वह अपने पति से अलग हुई है। उसका पति उसको आए दिन शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था। इसी महीने वह बेंगलुरु से बच्चों को लेकर आई थी। ट्रेन में उसकी मुलाकात एक मंजीत नामक व्यक्ति से हुई थी। जिसने उसको एक जानकार का फोन नंबर दिया था। उसने जब फोन पर संपर्क किया और नौकरी के बारे में बोला। उसी व्यक्ति ने उसके लिये मुंडका में एक किराये के घर की भी व्यवस्था की थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वही व्यक्ति उसके घर शराब के नशे में आया और जबरन बलात्कार किया। पुलिस ने पीडिघ्ता का मेडिकल करवाया और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# भादो में जम के बरस रहे बदरा, डूबीं सड़कें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बृहस्पतिवार सुबह से ही बारिश का दौर जारी है। बारिश से विभिन्न इलाकों में सड़कों पर जलभराव होने से वाहनों के पहिए थम गए। इससे सुबह समय से स्कूल-कॉलेज और दफ्तर जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लगातार वर्षा के बाद किराड़ी क्षेत्र की कई कॉलोनी पानी में डूब गई। निठारी, शर्मा कॉलोनी, ७० फुटा रोड, रामा विहार समेत कई जगहों पर दो से लेकर तीन फीट तक पानी जमा हो गया। बड़ी संख्या में घरों में पानी घुस गया।

अधिकांश रास्ते पानी में डूबने की वजह से आवाजाही प्रभावित रही। सड़क पर पानी के अत्यधिक जमाव के कारण लोगों के वाहन बीच रास्ते बंद हो गए। मौसम विभाग ने आज बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। पूरे दिन बादल छाए रहने और गर्जन वाले बादल बनने सहित और बारिश के आसार हैं। वहीं, अधिकतम और न्यूनतम तापमान अभी सामान्य से नीचे या उसके आसपास ही रहेगा। तामपान गिरने से उमस भरी गर्मी से लोगों ने राहत की सांस ली है। इसके अलावा आईएमडी ने शुक्रवार यानी स्वतंत्रता दिवस के दिन भी हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है।

दिल्ली का न्यूनतम तापमान २३.६ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान ३३ डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। बारिश सुबह साढ़े ८ बजे तक १३.१ मिमी रिकॉर्ड की गई है। आयानगर में सर्वाधिक ५७.४ और पालम में ४९.४ मिमी दर्ज की गई है।मिंटो ब्रिज, विजय चौक, मोती बाग फ्लाईओवर, रफी मार्ग और निजामुद्दीन फ्लाईओवर सहित कई इलाकों में तेज बारिश हुई।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पूर्वानुमान में बारिश के साथ आंधी-तूफान की बात कही गई थी। अधिकतम तापमान ३३ डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान २५ डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। राजधानी में स्वतंत्रता दिवस पर बारिश होने के आसार हैं। ऐसे में मौसम खुशनुमा रहेगा। मौसम विभाग ने दिनभर बादल छाने, बिजली चमकने और हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार जताए हैं।

# बेटियां रक्षा से लेकर अंतरिक्ष तक बढ़ा रही हैं भारत का मानः रविन्द्र इंद्राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आजादी के अमृत महोत्सव और हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने रोहिणी स्थित अपने आवास पर तिरंगा फहराया और देश के महानायकों को नमन किया। उन्होंने अन्य लोगों से भी इस अभियान में जुड़कर इसे सफल बनाने की अपील की।

इसके बाद कैबिनेट मंत्री ने बवाना स्थित रविशंकर सर्वोदय कन्या विद्यालय में ध्वजारोहण कर उपस्थित छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री ने पढ़ाई, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाशाली छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की सराहना करते हुए कहा कि आज देश की बेटियां सीमाओं की रक्षा से लेकर अंतरिक्ष में भारत का नाम रोशन कर रही हैं। रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि देश की राष्ट्रपति और दिल्ली की मुख्यमंत्री, दोनों ही महिलाएं हैं, जो नारी शक्ति की प्रेरक मिसाल हैं। उन्होंने छात्राओं को संदेश दिया कि वे आत्मनिर्भर बनकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।अपने संबोधन में उन्होंने आर्थिक प्रगति पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की विकास यात्रा में महिलाओं की भागीदारी न केवल सामाजिक, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत आवश्यक है। जब बेटियां आगे बढ़ेंगी, तभी देश हर क्षेत्र में नई ऊँचाइयां छुएगा। रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि कल्पना चावला ने छोटे से शहर से निकलकर अंतरिक्ष की ऊँचाइयों को छुआ, पी.वी. सिंधु ने खेल जगत में विश्वभर में भारत का नाम रोशन किया।




समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह बवाना स्थित रविशंकर सर्वोदय कन्या विद्यालय में ध्वजारोहण कर उपस्थित छात्राओं ,को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर

### बच्चों को बताया आजादी का महत्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में जनपद बिजनौर में रानी भगवती महाविद्यालय में जल जीवन मिशन के तत्वा धान में एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत चित्र बनाकर सबका मन मोह लिया। वक्ताओं बच्चों को स्वताब्रता का महत्त्व बताते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शपूर्ण जीवन से अवगत कराया। इस मौके पर विशेष रूप से बच्चों के साथ हर घर तिरंगा रैली निकाली गई, सारे प्रतिभागियों को स्वच्छता और सुसजलता की शपथ दिलाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहरू युवा केंद्र बिजनौर के जिला यूथ समन्वयक निशांत रौतेला जी थे।

### स्वतंत्रता दिवस का महत्त्व जानिए: संत राजिन्दर सिंह



**नई दिल्ली।** संपूर्ण भारत में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को मनाया जाता है। कई अन्य देश भी विभिन्न तिथियों पर स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं। जहाँ सांसारिक अर्थ में स्वतंत्रता का मतलब होता है, वह दिन जब एक देश किसी दूसरे देश के नियंत्रण से आजाद हुआ था। इसी प्रकार जब हम आध्यात्मिक स्वतंत्रता की ओर ध्यान देते हैं तो हमें अपने धर्मग्रंथों में इसका जिक्र मिलता है। इस दुनिया में आए सभी संतों-महापुरुषों ने हमें सिखाया है कि जब से हमारी आत्मा पिता-परमेश्वर से अलग हुई है, तब से वह इस माया की दुनिया में बंधक बनी हुई है।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि जब हम इस संसार में आते हैं तो हम अपने आपको केवल शरीर ही समझते हैं और मन-इंद्रियों के घाट पर ही अपना जीवन जीते हैं। हमें कभी यह ख्याल ही नहीं आता कि हम यह शरीर नहीं बल्कि एक आत्मा हैं, जोकि पिता-परमेश्वर का अंश है। जब हम किसी पूर्ण सत्गुरु के चरण-कमलों में पहुंचते हैं तो वो हमें समझाते हैं कि हमारी आत्मा, जोकि प्रकाश, प्रेम, और शांति से भरपूर है लेकिन हमारा ध्यान अंदरूनी संसार के बजाय हर वक्त बाहरी संसार में ही लगा रहता है।

### भारतीय स्किलिंग फ्रेमवर्क में मान्यता पाने वाला सीआईआई-वीईटी बना अंतरराष्ट्रीय कोर्स

**नई दिल्ली।** भारत में व्यावसायिक शिक्षा के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए सीआईआई और स्विट्जरलैंड की ईएचएल हॉस्पिटैलिटी बिजनेस स्कूल ने आज नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के तहत वोकेशनल एजुकेशन ट्रेनिंग/वीईटी बाय ईएचएल डिप्लोमा एडवांस को आधिकारिक रूप से लॉन्च किया।

इस इवेंट ने एक ग्लोबल स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रोग्राम को भारत के स्किल सिस्टम से जोड़ा। इससे युवाओं को नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के तहत एकेडमिक क्रेडिट के साथ इंडस्ट्री-इंटीग्रेटेड ट्रेनिंग भी मिलेगी। इसके अलावा सीआईआई और इग्नू ने एक एमओयू साइन किया। इस एमओयू के तहत सीआईआई-आईजीएनओयू करियर एज एकेडमी बनाई जाएगी। यह एकेडमी छात्रों को इग्नू के एकेडमिक फ्रेमवर्क के तहत उनके स्किल को आधिकारिक मान्यता देगी। इस पहल के जरिए सीआईआई और इग्नू मिलकर इंडस्ट्री-अलाइन्ड प्रोग्राम्स शुरू करेंगे।

# मानसून की तैयारियों में फेल पीडब्ल्यूडी मंत्री को पद से हटाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने सीएम रेखा गुप्ता को चिट्ठी लिखकर मानसून की तैयारियों में पूरी तरह फेल पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा को पद से हटाने की मांग की है।

आतिशी ने पत्र में कहा है कि अगर मानसून से पहले भाजपा सरकार दूरदर्शिता दिखाती और बारिश से पहले दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम कर लेती तो ये सभी घटनाएं रोकी जा सकती थीं। दिल्ली की सुरक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर को बनाए रखने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा की है और वह इसमें पूरी तरह विफल साबित हुए हैं। इसलिए प्रवेश वर्मा को खुद ही इन मौतों के लिए नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

आतिशी ने कहा है कि बुधवार की सुबह राष्ट्रीय राजधानी में भारी बारिश के दौरान हंसराज सेठी मार्ग पर एक पेड़ गिरने से एक युवक की मौत हो गई। इस हादसे में एक युवती भी गंभीर रूप से घायल हुई है और वह जिंदगी-मौत से जूझ रही है। यह 'प्राकृतिक आपदा' नहीं है, बल्कि भाजपा सरकार सरकार की मानसून से पहले की तैयारियों में पूरी तरह नाकामी का परिणाम है। आतिशी ने प्रशासनिक लापरवाही के कई उदाहरण गिनाते हुए कहा है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। बल्कि भाजपा की सरकार बनने के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बारिश के चलते कई लोगों की जान जा चुकी है,

आतिशी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग को दिल्ली की सुरक्षा और बुनियादी ढांचे की जिम्मेदारी सौंपी गई है, लेकिन वह अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहा है।

# बिहार के वैशाली में हुए हत्याकांड का भगोड़ा दिल्ली से गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने बिहार के वैशाली में हुए हत्याकांड के एक भगोड़े को गिरफ्तार किया है।उसने अपने साथियों के साथ वर्ष २०२३ में परिवार के बीच पुराने संपत्ति विवाद के कारण अपने चाचा की हत्या कर दी थी।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि आरोपी नीलेश कुमार (२७) ने अपने साथियों के साथ वर्ष २०२३ में परिवार के बीच पुराने संपत्ति विवाद के कारण अपने चाचा की हत्या कर दी थी।

अपने चाचा को गोली मारकर हत्या करने के बाद, नीलेश कुमार अपने ठिकाने बार-बार बदल रहा था और मोबाइल का बहुत कम इस्तेमाल करता था। बिहार पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए मदद मांगी क्योंकि उसकी आखिरी लोकेशन दिल्ली में मिली थी। इसके बाद एसीपी राजपाल डबास की देखरेख में इंस्पेक्टर राजेश सरन, के नेतृत्व में एसआई सुबोध और बिहार के हाजीपुर टाउन, थाने के एसआई डी के महतो संयुक्त बिहार पुलिस की टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की।

इस दौरान टीम ने मोबाइल फोन डेटा (कॉल डिटेल रिकॉर्ड और लोकेशन ट्रैकिंग) को ट्रैक करने के साथ साथ विस्तृत विश्लेषण और मैन्युअल खुफिया जानकारी के बाद आरोपी को रोहिणी सेक्टर-३५, से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी नीलेश कुमार बिहार से एम. कॉम कर रहा था। उनका हाजीपुर, बिहार में लंबे समय से संपत्ति विवाद चल रहा है। विवाद के कारण, वह अपने दो अन्य सहयोगियों तेज प्रताप और मोहम्मद आसिफ मुस्तफा के साथ साजिश में था।




डीयू में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह।

# डीयू में मनाया गया विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीयू के स्वतंत्रता एवं विभाजन अध्ययन केंद्र (सीआईपीएस) द्वारा १४ अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर "विभाजन की कहानियाँ: आघात से गवाही तक" विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि विभाजन में लाखों लोग मारे गए, लेकिन कोई लिस्ट नहीं बनी। ये हुआ क्यों? इतनी बड़ी घटना के लिए किसी को जिम्मेवार भी नहीं ठहराया गया। इस विषय पर कुछ फिल्में, कुछ कविताएं तो लिखी गई, लेकिन इस मुद्दे पर गंभीरता से कोई फिल्म नहीं बनी। कुलपति ने कहा कि जो हुआ क्यों हुआ और आगे नहीं होगा इसकी क्या गारंटी है? क्या हमारी कोई तैयारी है? इस पर भारत के लोगों को विचार करने की जरूरत है।

पूर्व सांसद सरदार तरलोचन सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि विभाजन में जो लाखों लोग मारे गए, उनका कसूर क्या था? वह तो अपने वतन के लिए और अपने धर्म के लोए कुर्बान हुए। आज किसी को एक झोंपड़ी से निकाला आसान नहीं है, जबकि उस दौर में लोगों ने भारत के लिए अपने गाँव और घरों को छोड़ा।

उन्होंने कहा कि वहाँ से जो व्यापारी लोग आए थे उन्हें कोई उचित सरकारी मदद नहीं मिली थी और फड़ी पर बैठ कर व्यापार किया। उसके बावजूद उन लोगों ने मेहनत से अपने कारोबार खड़े किए और सरदार मनमोहन सिंह व इंद्र कुमार गुजराल के रूप में देश के प्रधानमंत्री पद तक पहुंचे।

# जीटीबी अस्पताल में हुए हत्याकांड का भगोड़ा गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने जीटीबी अस्पताल में हुए हत्याकांड में वांछित हाशिम बाबा गैंग के सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक साल से ज्यादा समय तक फरार था।इस मामले में किसी को मारने आया था लेकिन उसने अन्य व्यक्ति को गोली मार दी।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि १४ जुलाई २०२४ को, एक सनसनीखेज हत्याकांड ने ट्रांस-यमुना इलाके में सनसनी फैला दी जब शाहदरा स्थित जीटीबी अस्पताल के वार्ड में भर्ती ३५ वर्षीय मरीज रियाजुद्दीन पर हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं, जिससे उसकी मौत हो गई। इस संबंध में जीटीबी एन्क्लेव थाने के तहत मामला दर्ज किया गया था।पूरी साजिश में शामिल कुल १० आरोपियों को घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन आरोपी अयान उर्फ बाबा उर्फ अरबाज (२७) फरार था। इसके बाद एसीपी रमेश चंद्र लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर पंकज मलिक और रोहित कुमार के नेतृत्व में,टीम का गठन आरोपियों का पता लगाने के लिए किया गया था।इसी बीच हेड कांस्टेबल गजेंद्र सिंह ने गाजियाबाद, (यूपी) के कैला भट्टा क्षेत्र में आरोपी अयान उर्फ बाबा की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी विकसित की।इसके बाद पुलिस ने अपना जाल बिछाकर आरोपी को उक्त स्थान से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ के दौरान, अयान ने बताया कि वह फहीम उर्फ बादशाह नाम के एक व्यक्ति के जरिए हाशिम बाबा गैंग के सदस्यों के संपर्क में आया था। पैसों के लालच में आकर, वह वसीम को खत्म करने की उनकी योजना में शामिल हो गया।

## सीसीएल पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अवैध चीनी/सिंथेटिक मांझा बेचते हुए एक सीसीएल को पकड़ा है।पुलिस ने उसके पास से प्रतिबंधित चीनी मांझे के 16रोल बरामद किए है। अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया १३ अगस्त,को अपराध शाखा के इंस्पेक्टर गौरव चौधरी के नेतृत्व में टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के तहत तुर्कमान गेट, में प्रतिबंधित चीनी/ सिंथेटिक/ प्लास्टिक मांझे के अवैध भंडारण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए एक सफल अभियान चलाया। इस दौरान एक मुखबिर द्वारा दी गई विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर,टीम मस्जिद तुर्कमान गेट, के पास पहुंची।

# जैकी श्रॉफ बने उगाओ के ब्रांड एम्बेसडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गार्डनिंग कंपनी, 'उगाओ' ने मशहूर अभिनेता और पॉप कल्चर आइकॉन जैकी श्रॉफ को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने का ऐलान किया है। जैकी श्रॉफ के साथ यह साझेदारी उगाओ के लिए एक अहम् कदम है, जिससे यह शहरी ग्राहकों की पसंदीदा ग्रीन ब्रांड से आगे बढ़कर अब देश के टियर-२ और टियर-३ शहरों में भी अपनी पहचान मजबूत करेगा। एक दशक से हरियाली से भरपूर भारत के सपने को साकार करने में उगाओ अहम् भूमिका निभा रहा है। इस ब्रांड ने शहरों में रहने वाले लोगों के सोचने और प्रकृति से जुड़ने के तरीके को बदलने में मदद की है। इसने एक मजबूत कंटेंट-फर्स्ट रणनीति के जरिए कहानी कहने, समुदाय-आधारित अभियानों और सभी के लिए सहज व अपनापन महसूस कराने वाली पौधों की देखभाल संबंधी सामग्री के माध्यम से उपभोक्ताओं के साथ भावनात्मक जुड़ाव बनाया है। अपनी डिजिटल मौजूदगी से उगाओ ने एक ऐसे वफादार पौधा-प्रेमी समुदाय को जोड़ा है, जो पौधों को सिर्फ सजावट नहीं, बल्कि अपने साथी, व्यक्तिगत विकास का प्रतीक और भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम मानता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# महज 80 हजार के लिए दोस्तों ने उज्जवल को उतारा था मौत के घाट

## उज्ज्वल का एक हत्यारा दोस्त हुआ पुलिस की गोली का शिकार

- 24 घंटे में पुलिस ने किया घटना का खुलासा
- हत्यारोपियों ने मृतक की मां से उधार लिए थे 80 हजार, दो गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना/हस्तिनापुर।** कस्बा हस्तिनापुर में बुधवार को हुई उज्जवल की हत्या उसी के दोस्तों ने महज 80 हजार रुपए के लिए कर डाली। ये रुपए हत्यारोपियों ने मृतक की मां से उधार लिए थे। इतना ही नहीं, आरोपियों ने पीड़ित परिवार और पुलिस को गुमराह कर छह निर्दोष लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करा दिया। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए मुठभेड़ में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से एक आरोपी पुलिस की गोली का शिकार हुआ है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद कर लिया है।

### दोस्त ही निकले हत्यारे

बुधवार की शाम 20 वर्षीय उज्जवल पुत्र सुभाष शर्मा निवासी कस्बा हस्तिनापुर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दरअसल, मृतक उज्जवल व मनोहरपुर कॉलोनी निवासी सौरव पुत्र ऋषिपाल व जोगेंद्र उर्फ लाखन निवासी सैफपुर कर्मचंदपुर के बीच गहरी दोस्ती थी। सौरव ने उज्जवल की मां से 80 हजार रुपए ले रखे थे। जिसके चलते उज्जवल का दोनों से विवाद चल रहा था। घटना वाले दिन सौरव ने फोन कर उज्जवल को मिलने के लिए जोगेंद्र के घेर में सैफपुर कर्मचंदपुर गांव में बुलाया। पैसों को लेकर फिर विवाद हुआ और दोनों आरोपियों ने मिलकर उज्जवल को तमंचे से गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया।

### बाइक पर लाश लेकर आए और फेंक दी

घटना के बाद दोनों आरोपी उज्जवल की लाश उसी की बाइक पर बीच में लेकर बैठने की अवस्था में लेकर गांव से आए और कस्बे में प्रवेश करने से पहले मौका देखकर सड़क किनारे डाल दी। उसके बाद सौरव ने खुद ही परिजनों को उसके घायल होने की सूचना दी। उसके बाद फिर से लाश उठाकर सीएचसी में ले गए। उज्जवल को गोली लगने की जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची और उक्त दोनों से पूरी जानकारी ली।

### गुमराह कर निर्दोषों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

हत्यारोपियों ने उज्जवल के परि. जनों और पुलिस दोनों को गुमराह किया और परिजनों की ओर से छह निर्दोष लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। तहरीर दिलाने के बाद दोनों थाने से खिसककर फरार हो गए।

### पुलिस की सूझबूझ से हुआ सही खुलासा

सैफपुर मार्ग पर पहले जहां सौरभ की लाश को आरोपियों ने फेंका, वहां पहुंचकर पुलिस ने जांच की तो खून फैला हुआ नहीं मिला। इस पर पुलिस को संदेह हुआ। पुलिस ने दोनों को तलाश किया, लेकिन वह हाथ नहीं आए। पूरी रात चली तलाश में जब पुलिस जोगेंद्र उर्फ लाखन के घेर में पहुंची तो वहां एक कमरे में खून बिखरा हुआ था। पुलिस को यह समझते देर न लगी कि उज्जवल की हत्या यहीं पर की गई थी। पुलिस ने जोगेंद्र उर्फ लाखन के परिजनों से सख्ती से पूछताछ की तो उसकी बहन ने छत पर से तमंचा बरामद करा दिया। उसके बाद पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में जुट गई। एसओ हस्तिनापुर के मुताबिक गुरूवार को रानी नंगला मोड़ के पास दोनों हत्यारोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। जिसमें सौरव पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया।

# शोभित विवि बना रहा है इंजीनियरिंग छात्रों को एआई-फ्रेंडली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी का स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजी. नियरिंग लगातार अपने छात्रों को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार कर रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को क्रिएटिव एआई टूल्स विषय पर एक नवोन्मेषी और व्यवहारिक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य इंजीनियरिंग छात्रों को 40 से अधिक उन्नत एआई टूल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना था, ताकि वे इन्हें अपने अकादमिक प्रोजेक्ट्स, शोध कार्यों और आने वाले पेशेवर जीवन में प्रभावी ढंग से एकीकृत कर सकें। यह पहल विश्वविद्यालय की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है जिसके तहत वह छात्रों को एआई-फ्रेंडली लर्निंग एनवायरन मेंट प्रदान कर रहा है और उन्हें ग्लोबल इंडस्ट्री की अपेक्षाओं के अनुरूप कौशल दे रहा है। छात्रों ने कार्यशाला में चौट जीपीटी, रेप्लिट एआई, गामा एआई, मर्लिन एआई, वार्प एआई, नैचुरल रीडर, व्हाइटबोर्ड एआई, चैट पीडीएफ एआई, गूगल जेमिनी, पर्पलेक्सिटी एआई जैसे प्रसिद्ध टूल्स के साथ-साथ कई अन्य नवाच. ारपूर्ण एआई समाधानों का उपयोग सीखा। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें यह भी समझाया गया कि इन टूल्स का उपयोग करके वे कैसे अपनी उत्पादकता, रचनात्मकता, समस्या-समाधान क्षमता और नवाचार कौशल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग की निदेशिका प्रोफेसर डॉ. निधि त्यागी ने छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि, एआई के बदलते परिदृश्य में खुद को अपडेट रखना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस तरह की कार्यशालाएं छात्रों को न केवल तकनीकी रूप से मजबूत बनाती हैं, बल्कि उन्हें उद्योग की मांगों के अनुरूप भी तैयार करती हैं।

इस आयोजन के समन्वयक सहायक प्रोफेसर अभिनव पाठक ने छात्रों को विभिन्न एआई टूल्स के वास्तविक जीवन में उपयोग और करियर संभावनाओं के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि, जब छात्र इन एआई टूल्स का नियमित और सहज रूप से उपयोग करना सीख जाते हैं, तो यह आने वाले समय में उनके प्लेसमेंट के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। विश्वविद्यालय निकट भविष्य में कई कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने की योजना बना रहा है, और इस संदर्भ में ये टूल्स छात्रों के लिए एक मजबूत हथियार की तरह काम करेंगे। कार्यक्रम की सफलता में राजेश पांडेय, विजय माहेश्वरी, राजीव कुमार, निमरा मिर्जा एवं अन्य संकाय सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# नकली क्रीम व हारपीक बेचने वाली दुकान पर पुलिस का छापा

- परीक्षितगढ़ क्षेत्र में हुई बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर की एक दुकान पर नामचीन कंपनी के नाम से नकली क्रीम व हारपिक बेचने की सूचना पर कंपनी के अधिकृत प्रबंधक ने थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस ने छापा मारा तथा भारी मात्रा में कंपनी का नकली ब्रांड बरामद करते हुए थाने में तहरीर दी है। इस कार्यवाही से नकली सामान बेचने वाले व्यापारियो में हड़कंप मचा हुआ है।

दिल्ली में स्थित कंपनी समिता लीगल एल 244 सेक्टर 25 नोएडा में तैनात प्रबंधक पद पर तैनात तौकीर चौधरी ने बताया कि उन्हे मैसर्स रीकिंट बेन किसेर इंडिया के नकली उत्पादन बेचने तथा बनाने वालो के विरूद्ध कार्यवाही के लिए अधिकृत किया गया था जिसके तहत गुरुवार को परीक्षितगढ़ नगर के मैन बाजार में सर्वे किया तो पाया की एक दुकान पर नकली उत्पाद बेचे जा रहे है जिसकी थाना पुलिस से शिकायत करते हुए पुलिस टीम के साथ नितिन निकट शिव चौक की दुकान पर पहुंचे जहां 720 पीस नकली वीट क्रीम व 142 हारपिक के नकली पीस बरामद किये एक पीस बतौर नमूना लिया गया तथा बाकी माल को बरामद कर सील कर दिया गया है। वहीं दुकानदार नितिन के खिलाफ धारा 63 / 65 कापीराइट एक्ट 1957 के तहत मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी गई है जिससे नकली सामान बेचने वाले व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने दी सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विशेष न्यायालय एससी एसटी कोर्ट के न्यायधीश मौहम्मद असलम सिद्दीकी ने गुरुवार को एक मामले का निर्णय करते हुए आरोपी को सजा दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना सरधना क्षेत्र की एक दलित युवती ने थाना सरधना पर एक मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें युवती ने आरोप लगाया था कि वह बुखार की दवाई लेने एक गांव के डाक्टर के पास गई थी जिसने बेहोशी का इंजेक्शन लगाकर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा होश में आने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया परीक्षण के अपरांत न्यायधीश मौहम्मद असलम सिद्दीकी ने आरोपों को सही पाते हुए कथित डाक्टर को सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

# अभद्रता करने वाले एसबीआई बैंक के कर्मचारियों की मैनेजर से शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एसबीआई बैंक गोला कुआं शाखा के बैंक कर्मचारियों द्वारा ग्राहकों के साथ अभद्र व्यवहार करने के विरोध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मेरठ महानगर का प्रतिनिधि मंडल शाखा प्रबंधक सुनील तोमर से मिला। उन्होंने संयुक्त रूप से शिकायत पत्र सौंपा और कहा कि किसी भी हाल में व्यापारी भाईयो का उत्पीड़न बर्दाश नहीं किया जायेगा। जो भी बैंक के कर्मचारी ग्राहकों के साथ अभद्र व्यवहार करते है उनको चिन्हित कर उन पर उचित कार्यवाही की जाए। बैंक मैनेजर ने आश्वासन दिया कि वह इस विषय को गंभीरता से लेते हुए हर संभव कार्यवाही करेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विष्णु दत्त पाराशर, महामंत्री सुरेश कुमार बिट्टू, कोषाध्यक्ष कुलदीप वर्मा, सहकोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता, व्यापारी नेता हेमंत चावला, आलोक गर्ग , डॉ. शोएब आदि उपस्थित रहे।

# डीपीएम स्कूल में मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व कक्षा नर्सरी से कक्षा प्रथम तक के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, फूलों और मनमोहक झांकियों से सजाया गया। जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रहीं राधा-कृष्ण की जीवंत प्रस्तुतियां। छोटे-छोटे बच्चों ने राधा और श्रीकृष्ण की वेशभूषा में मंच पर जब प्रस्तुति दी, तो उपस्थित अभिभावक और शिक्षक भावविभोर हो उठे। सुंदर पोशाक, मुकुट, बांसुरी और गहनों से सजे बच्चों की मनमोहक अदाओं और भाव-भंगिमाओं ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, करुणा, मित्रता और धर्म के प्रति समर्पण का प्रतीक है। हमें बच्चों को ऐसे संस्कार देने चाहिए जिससे वे भविष्य में ईमानदार, निष्ठावान और समाज के लिए उपयोगी नागरिक बन सकें। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ें हमारी परंपराओं में निहित हैं और इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य जिया जैदी ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करते हैं। साथ ही, मंच पर आत्मविश्वास अभिव्यक्ति क्षमता और रचनात्मकता को भी बढ़ावा देते हैं। इस सुंदर आयोजन को सफल बनाने में नर्सरी से प्रथम कक्षा तक की शिक्षिकाओं ने अथक परिश्रम किया। साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकों का सामूहिक सहयोग भी सराहनीय रहा, जिसकी बदौलत यह आयोजन अत्यंत भव्य और सफल रूप से संपन्न हो सका। कार्यक्रम का समापन भजन एवं आरती के साथ किया गया।

# पंजाबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष के हुए गैर जमानती वारंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** अपने आप को पंजाबी समाज का प्रदेश अध्यक्ष बताने वाले निशांत परुथी के खिलाफ न्यायालय एसीजेएम-10 द्वारा धोखाधड़ी से जमीन बेचने पर गैर जमानती वारंट जारी किए गए व पुलिस को उन्हें अरेस्ट करके न्यायालय में पेश करने के आदेश हुए है। न्यायधीश ने याचिकाकर्ता की प्रार्थना को स्वीकार करते हुए लिखा है कि लगता है अभियुक्तगण जानबूझकर न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं इस कारण एनबीडब्ल्यू जारी किये जा रहे है।

# दशमेश स्कूल के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा पहनकर दिखाई अपनी प्रतिभा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** रामराज के समीप स्थित दशमेश पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व कक्षा नर्सरी से कक्षा दो तक के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, फूलों और मनमो. हक झांकियों से सजाया गया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रहीं राधा-कृष्ण की जीवंत प्रस्तुतियां। छोटे-छोटे छात्र-छात्राओं ने राधा श्रीकृष्ण की वेशभूषा पहनकर सभी का मन मोह लिया। सुंदर पोशाक, मुकुट, बांसुरी और गहनों से सजे बच्चों की मनमोहक अदाओं और भाव-भंगिमाओं ने सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर स्कूल की डायरेक्टर सिम्मी सहोता एवं प्रधानाचार्य आमिर खान ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, करुणा, मित्रता और धर्म के प्रति समर्पण का प्रतीक है। हमें बच्चों को ऐसे संस्कार देने चाहिए जिससे वे भविष्य में ईमानदार, निष्ठावान और समाज के लिए उपयोगी नागरिक बन सकें। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ें हमारी परंपराओं में निहित हैं और इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। सुंदर आयोजन को सफल बनाने में कक्षा नर्सरी से कक्षा दो तक की शिक्षिकाओं ने अथक परिश्रम किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से कोऑर्डिनेटर स्वाति अरोड़ा, मनजोत कौर, हर्षिका अरोड़ा, नेहा देओल, हरप्रीत कौर, अमृतपाल कौर, रीता छाबड़ा, सोनाली, कविता रानी, प्रभजोत कौर, प्रिया चौहान, स्वाति शर्मा, शिवांगी सुधा आदि का सहयोग रहा।

# डीएवी के छात्रों ने वो कृष्णा है, कान्हा सो जा जरा गीत पर किया नृत्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शास्त्री नगर स्थित डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 के बच्चों ने तेरी मुरली की धुन गीत प्रस्तुत किया और कक्षा एक की परिधि ने वो कृष्णा है गाने पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कक्षा 1 से कक्षा 3 के बच्चों ने महारास पर समूह नृत्य कर कृष्ण की मन मोहिनी छवि को प्रस्तुत किया। कक्षा 2 की छात्रा सारा गुल ने कान्हा सो जा जरा पर नृत्य की प्रस्तुति कर खूब वाह वाही लूटी। प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने सभी बच्चों की प्रस्तुति पर मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए बच्चों एवं शिक्षक गणों को जन्माष्टमी की बधाई दी।



# फलावदा में तिरंगा प्रभात फेरी का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

फलावदा। गुरुवार सुबह ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के तत्वाधान में 'हर घर तिरंगा' अभियान के अन्तर्गत चेयरमैन अशोक कुमार सैनी , ईओ सचिन पंवार की अध्यक्षता में नगर के विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों विद्यार्थियों, नगर पंचायत के कर्मचारियों व नगर के गणमान्य व्यक्तियों के साथ जनसहभागिता को सुनिश्चित करते हुए 'तिरंगा प्रभात फेरी' का शुभारम्भ किया गया। तिरंगा प्रभात फेरी नप प्रांगण से आरम्भ होकर मुख्य बाजार से होते हुए नगर के विभिन्न रास्तों से होकर नप कार्यालय पर आकर सम्पन्न हुई।



तिरंगा प्रभात फेरी का समापन भाजपा जिलाध्यक्ष शिव कुमार राणा के साथ आशीष प्रताप, मनिन्दर पाल, पूर्व चेयरमैन कॉपरेटिव द्वारा किया गया। नगर पंचायत के द्वारा इस कार्यक्रम को बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। जिसकी तैयारी विगत चार दिनों से चल रही थी। यात्रा के दौरान नगर में स्थित समस्त शहीद स्मारकों महापुरूषों शहीद भगत सिंह, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, ज्योतिबाफुले, अटल बिहारी वाजपेयी के स्मृति स्थलों पर माल्यार्पण व पुष्पवर्षा की गई। शहीद स्मारकों महापुरूषों के स्मृति स्थलों पर विशेष सफाई कराकर तिरंगा लाईट लगवाकर साज-सज्जा कराई गई है। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार विश्नोई द्वारा किया गया। अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में बताया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम विगत कुछ वर्षों में राष्ट्रीय अस्मिता, देशभक्ति और गौरव के जन भागीदारी आन्दोलन के रूप में एक सफल अभियान बन चुका है। इस अभियान का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत के समस्त सभासदगण, नगर के गणमान्य व्यक्ति, मदरसा दरबार जमालुल-उलूम, जवत्री देवी सरस्वती विद्या मन्दिर, विद्या संस्कार एकेडमी, ग्लोबल चिल्ड्रेन एकेडमी के न्यू होप चिल्ड्रन्स एकेडमी, आर्ष विद्या मन्दिर, विवेक शिक्षा सदन, रामप्यारी पब्लिक स्कूल, आदर्श कन्या इन्टर कालिज नैडू सहित समस्त विद्यालयों के अध्यापकगण छात्र व निकाय कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# गांव भराला में तिरंगा यात्रा का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा की शुरुआत शाम 5 बजे ग्राम पंचायत भवन से हुई, जिसमें बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हाथों में तिरंगा और देशभक्ति के नारे लगाते हुए यात्रा पूरे गांव में निकाली गई। देशभक्ति गीतों और नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। यात्रा के अंत में शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्रगान गाया गया और एकता व भाईचारे का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम ने गांववासियों में देश के प्रति गर्व और उत्साह की नई लहर भर दी। ग्राम रुहासा में अंबेडकर कलाम शिक्षा समिति की ओर से समस्त ग्रामवासियों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप मे भाजपा दौराला मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला रहे। इस दौरान रवि पुनिया, विनीत लोहिया व ग्राम प्रधान जरीफ मलिक, सहबा रिजवी, आशीष चौधरी बॉबी रुहासा, एडवोकेट सैफ रिजवी, केपी जाटव एडवोकेट, शारिक, शरीफ, मोहित, शालू, अली मौ व समस्त ग्रामवासी शामिल रहे।

# किड्जी प्ले स्कूल की अनोखी पहल, राखी बांधकर मनाया सुरक्षा बंधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** स्थित किड्जी प्ले स्कूल ने गुरुवार को एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए 'सुरक्षा बंधन' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर मासूम बच्चों ने किठौर थाना पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बांधी और उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और सुरक्षित सेवा की कामना की। किड्जी प्ले स्कूल की सीनियर एकेडमिक मैनेजर इंदु रावत ने बताया कि देश की रक्षा और सुरक्षा में आर्मी, पुलिस और डाक्टर का योगदान अमूल्य है। इसी भावना को बच्चों के मन में संजोने और सुरक्षा कर्मियों के प्रति सम्मान जगाने के उद्देश्य से यह विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किठौर थाने की सब इंस्पेक्टर करीना, सब इंस्पेक्टर किरन, सब इंस्पेक्टर विजय सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट बांटकर आशीर्वाद दिया और आश्वस्त किया कि वे हमेशा उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर रहेंगे। आयोजन में स्कूल प्रबंधक शोएब खान, डाक्टर अजमल हुसैन, कोऑर्डिनेटर नीलोफर खान, प्रधानाचार्या आयुषी गोयल, अध्यापिकाएं दीपशिखा, पूनम शर्मा, हिफजा सैफी, इकरा अब्बासी, कौसर जहां, सुम्बुल खान उपस्थित रहे।

# एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं ने फतेहपुर मामले को लेकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को एआइएमआइएम के जिलाध्यक्ष चौधरी फईम राजा के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि यूपी की फिजा खराब करने के लिए आरएसएस के लोगों ने फतेहपुर के धार्मिक स्थल पर भगवा लहराया और मुसलमानों की रहनुमाई करने वाली समाजवादी पार्टी ने घटना का विरोध नहीं किया। एडवोकेट फईम ने मांग की है कि यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ जिस प्रकार से अपराधियों के घरों पर बुलडोजर चलाते आ रहे हैं वह इस मामले में भी अपराधियों के घर पर भी बुलडोजर चलाये।

# शांतिनिकेतन विद्यापीठ में कृष्ण जन्माष्टमी पर पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शांतिनिकेतन विद्यापीठ में कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर एक भव्य एवं पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कृष्ण वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुई इसके पश्चात छात्रों द्वारा प्रस्तुत की गई कृष्ण लीला, भजन गायन एवं झांकी ने सभी को भाव विभोर किया। किंडर गार्डन के छात्र-छात्राओं द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए गए तथा बच्चों ने कृष्ण, राधा, सुदामा, कंस, यशोदा आदि पात्रों के रूप में सुंदर वेशभूषा पहनकर मंच पर अपने अभिनय से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विशाल जैन ने अपने संबोधन में कहा, ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों में न केवल रचनात्मक का विकास होता है बल्कि वह अपनी संस्कृति से भी जुड़ते हैं। विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर नाजिश जमाली ने सभी छात्र छात्राओं द्वारा की गई सुंदर प्रस्तुति की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि अस्थाना ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर नीरू शिवाच, बीना, अलका पुंडीर, रितु शर्मा, रोली शर्मा, तृप्ति मेहता का विशेष सहयोग रहा।



# स्वतंत्रता दिवस पर टाटा नमक की आयोडीन जागरुकता मुहिम का गांवों तक विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पूरा देश स्वतंत्रता दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है और ऐसे में 'देश का नमक' के नाम से प्रसिद्ध टाटा नमक, देश के हर कोने से जुड़ने के लिए अपने ऑडियो अभियान 'नमक हो टाटा का... टाटा नमक' का विस्तार कर रहा है। टाटा नमक विशेष रूप से मानसिक विकास में आयोडीन की भूमिका पर संवाद को गांव-गांव तक पहुंचा कर अपनी प्रतिबद्धता को एक कदम आगे बढ़ा रहा है। देश का नमक अभियान डिजिटल और टेलीविजन प्लेटफॉर्म पर पेश होने के बाद, अब प्रमुख परिवहन केंद्रों में ऑडियो एक्टिवेशन के जरिये ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है। इस अभियान में टाटा नमक का जाना-पहचाना जिंगल है।

# बारिश के चलते बाइक पर गिरा पेड़, पिता की मौत, बेटी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में गुरुवार सुबह से ही झमाझम बारिश हो रही है। वहीं, कालका. जी इलाके के बी-ब्लॉक, परास चौक के पास वर्षा के दौरान सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। बताया गया कि सड़क किनारे खड़ा पुराना नीम का पेड़ अचानक गिर गया, जिसकी चपेट में एक बाइक सवार पिता-पुत्री आ गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से पेड़ को हटवाया और दोनों को घायल हालत में एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया। जहां उपचार के दौरान पिता की मौत हो गई, जबकि पुत्री का उपचार चल रहा है। वहीं, घायलों की पहचान ५० वर्षीय सुधीर कुमार और उनकी २२ वर्षीय पुत्री प्रिया के रूप में हुई है।

वहीं, इलाज के दौरान सुधीर की मौत हो गई। हादसे में पास में खड़ी एक आई-१० कार को भी नुकसान पहुंचा, हालांकि कार में मौजूद किसी व्यक्ति को चोट नहीं आई। उधर, पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने भी इस घटना को लेकर अपने एक्स अकाउंट एक पर पोस्ट डाली है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि मात्र चंद महीनों में बीजेपी वालों ने दिल्ली का क्या हाल कर दिया। कालकाजी हादसे के बाद आम आदमी पार्टी ने रेखा सरकार पर हमला बोला है। पूर्व सीएम आतिशी ने पीडब्ल्यूडी मंत्री परवेश वर्मा के इस्तीफे की मांग कर दी।

उन्होंने सीएम रेखा गुप्ता को पत्र लिखा है। आतिशी ने कहा, भाजपा की ४ इंजन सरकार की नाकामी से दिल्ली में जानलेवा हादसा। बरसात में रविदास मार्ग पर पेड़ गिरने से बाइक चालक की मौत हो गई है। पीडब्ल्यूडी मंत्री परवेश वर्मा को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। क्यों नहीं हुई बरसात की तैयारी?

## धमकी भरे लेटर व पार्सल भेजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केस वापिस नहीं लिया तो तुझे और तेरे परिवार को खत्म कर देगें। के एन काटजू पुलिस ने पीड़ित से लिखित शिकायत ले ली है। जिसको लेकर पुलिस जांच कर रही है। बताया गया है कि पीडिघ्त को पहले तीन से चार बाद जान से मारने की धमकी तक मिल चुकी है। जिनको दो बार पार्सल गए थे, जिसमें पिस्टल,बम और कारत.ूस मिले थे। जिनको पुलिस ने जब्त कर लिये थे। इस बार मिले धमकी भरे लेटर को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है,जिसको टाइप कर रखा है। यह लेटर एक अगस्त की दोपहर स्पीड पोस्ट से भेजा गया था। मगर मिला बुधवार को। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह के एन काटजू मार्ग इलाके में परिवार के साथ रहता है। उसका अपना कारोबार है।

बुधवार को मिले लेटर में हीरों बनना कम कर दो तुम्हारे लिये और तुम्हारी फैमिली के लिये अच्छा होगा। लेटर में एक कोर्ट का भी जिक्र करते हुए लिखा कि कोर्ट में आओगे अपनी मर्जी से ओर जाओगे हमारी मर्जी से। शिकायतकर्ता ने बताया कि २०२२ से लेकर अभी तक उनको चार से पांच धमकी भरे लेटर व पार्सल मिल चुके हैं। पहले पार्सलों में उनको पिस्टल,बम और कारतूस तक मिल चुके हैं।

# जेल में उगाही रैकेट चलाने के आरोपी नौ अधिकारियों का निलंबन व तबादला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट को सूचित किया गया कि तिहाड़ जेल के नौ अधिकारियों को जेल के अंदर कैदियों के साथ मिलकर कथित तौर पर उगाही रैकेट चलाने के आरोप में निलंबित और स्थानांतरित किया गया है।

बुधवार को मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेदेला की खंडपीठ ने दिल्ली सरकार और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को इस मामले में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया। सुनवाई को २८ अक्टूबर के लिए निर्धारित किया। आरोप सामने आने के बाद, दिल्ली सरकार ने कहा कि उसने नौ जेल अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की है, जिन्हें संबंधित नियमों के तहत निलंबित और स्थानांतरित किया गया है। खंडपीठ ने सरकार को निर्देश दिया कि वह तिहाड़, मंडोली और रोहिणी सहित दिल्ली की सभी जेलों में अपना परामर्श पत्र प्रसारित करें। यह मामला

पूर्व कैदी की ओर से दायर याचिका से संबंधित है, जिसमें तिहाड़ जेल के अंदर उगाही और कैदियों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों का आरोप लगाया गया था। खंडपीठ ने पहले सीबीआई को इन आरोपों की प्रारंभिक जांच करने का आदेश दिया था। जांच रिपोर्ट में कैदियों और जेल अधिकारियों की अवैध और भ्रष्ट गतिविधियों में संलिप्तता का संकेत मिला। ११ अगस्त को, खंडपीठ ने आरोपों को चौंकाने वाला बताते हुए सीबीआई को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया और कहा कि इस मामले में सरकार की ओर से गंभीर विचार की आवश्यकता है। २ मई को, दिल्ली सरकार के गृह विभाग के प्रधान सचिव को तथ्य-खोज जांच करने और तिहाड़ में प्रशासनिक और पर्यवेक्षी चूक के लिए जिम्मेदार अधिकारियों का पता लगाने का निर्देश दिया गया था। ११ अगस्त को सरकार के वकील ने खंडपीठ को सूचित किया कि विभाग को जांच पूरी करने के लिए और समय चाहिए।

याचिका में जेल अधिकारियों और कैदियों की ओर से अनियमितताओं, अवैध गतिविधियों, कदाचार और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है। याचिका में दावा किया गया कि जेल परिसर के अंदर कुछ सुविधाएं हासिल करने के लिए जेल के अंदर और बाहर के कुछ व्यक्तियों ने जेल अधिकारियों के साथ मिलकर उगाही की।

# सीएम ने किया 'हेलमेट पहनने के परिणाम' अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और प्रत्येक नागरिक को टू-व्हीलर चलाते समय सिर पर हेलमेट पहनने की आदत को प्रोत्साहित करने के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कनॉट प्लेस से 'हेलमेट पहनने के परिणाम' अभियान का शुभारंभ किया।

'हेलमेट पहनने के परिणाम' अभियान के शुभारंभ के अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह और सांसद बांसुरी स्वराज समेत कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। हेलमेट पहनने के परिणाम' अभियान की शुरुआत करने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि 'हेलमेट पहनने के परिणाम' अभियान शुरू करने का मुख्य उद्देश्य दोपहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट पहनने के महत्व को प्रत्येक नागरिकों को समझाने के साथ ही यह बताना है कि हेलमेट नहीं पहनने की छोटी सी लाप. रवाही से सड़क दुर्घटना में लगातार वृद्धि हो रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक आदमी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक सामाजिक कर्तव्य है। वाहन चलाते वक्त हेलमेट पहनना भले ही एक छोटा-सा कदम है, लेकिन सड़क दुर्घटना के बाद यह जीवन बचाने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

हमारी सरकार सड़क सुरक्षा नियमों को राजधानी में सख्ती से लागू करने के साथ-साथ जागरूकता फैलाने के लिए भी निरंतर प्रयास करने में जुटी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारी जिंदगी केवल हमारी अपनी नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और राष्ट्र की भी अहम जिम्मेदारी है।



मटियाला से पूर्व विधायक राजेश गहलोत के आकसमिक निधन पर भाजपाध्यक्ष विरेंद्र सचदेवा उनके निवास पर श्रद्धांजलि पहुंचे।

# राजेश गहलोत ने राष्ट्रवाद के विचारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई: सचदेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मटियाला से पूर्व विधायक राजेश गहलोत का आज आकसमिक निधन हो गया जिसने पूरे दिल्ली भारतीय जनता पार्टी परिवार को स्तब्ध कर दिया। उनके आकसमिक निधन का समाचार मिलते ही हजारों पश्चिम दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ता अस्पताल एवं उनके निवास पर एकत्र हुए।

राजेश गहलोत की अंत्येष्टि कल शुक्रवार को नवादा श्मशान घाट पर होगी। उनका जन्म २२ सितम्बर १९६४ को हुआ था दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, पश्चिम दिल्ली सांसद कमलजीत सहरावत, दिल्ली सरकार में मंत्री शलाल प्रवेश साहिब सिंह एवं पंकज सिंह, विधायक संदीप सहरावत आदि ने राजेश गहलोत के परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की।वीरेन्द्र सचदेवा ने अपने संवेदना संदेश में कहा है की श्री राजेश गहलोत का जीवन जन सेवा एवं संगठन विस्तार को समर्पित जीवन रहा। पश्चिम दिल्ली खासकर देहात में भाजपा एवं राष्ट्रवाद के विचारों के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पश्चिम दिल्ली में एक विशाल रामलीला प्रारम्भ कर सांस्कृतिक विचारों को भी फैलाया।

# कुत्तों की समस्या का समाधान जरूरी: सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान जरूरी है, क्योंकि कुत्तों के काटने से रेबीज के कारण बच्चों की मौत हो रही है। कोर्ट ने इस मामले में स्थानीय अधिकारियों को सड़कों से आवारा कुत्तों को हटाकर शेल्टर होम में ले जाने का आदेश दिया। इसके लिए शुरूआत में ५,००० कुत्तों के लिए शेल्टर बनाने को कहा गया।

दिल्ली सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट में कहा कि २०२४ में देश में ३७ लाख से ज्यादा कुत्तों के काटने के मामले सामने आए। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन के हवाले से बताया कि एक साल में रेबीज से ३०५ लोगों की मौत हुई। मेहता ने कहा कि कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण से रेबीज का खतरा कम नहीं होता, और यह बच्चों व बड़ों के लिए खतरनाक है। कुछ गैर-सरकारी संगठनों और वकीलों ने ११ अगस्त के कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग की। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि कुत्तों को पकड़कर ले जाया जा रहा है, लेकिन उनके लिए शेल्टर होम तैयार नहीं हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि नगर निगम ने अब तक नसबंदी और शेल्टर के लिए क्या किया। सिब्बल ने आरोप लगाया कि नसबंदी के लिए मिला पैसा गलत तरीके से इस्तेमाल हुआ।

वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंहवी ने संसद में दिए गए आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि २०२२ से २०२५ तक दिल्ली में रेबीज से एक भी मौत नहीं हुई। उन्होंने सरकार पर सवाल उठाया कि वह रेबीज से मौतों का डर दिखाकर गलत माहौल बना रही है। वहीं, एक अन्य वकील ने कहा कि कुत्तों की सुरक्षा की बात तो हो रही है, लेकिन इंसानों की जान का क्या? सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच, जिसमें जस्टिस विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एन वी अंजारिया शामिल थे। इस मामले में ११ अगस्त के आदेश पर रोक लगाने की मांग पर फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने कहा कि आवारा कुत्तों की समस्या स्थानीय अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण बढ़ी है। ११ अगस्त को कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में तुरंत शेल्टर होम बनाने और कुत्तों को वहां ले जाने का आदेश दिया था।

# घर में हुई नगदी व आभूषण की चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस के आदर्श नगर थाने के स्टाफ ने घर में हुई नगदी और आभूषण की चोरी का मामला सुलझा कर तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उनके पास से ६०,००० रुपये नकद और लगभग ६०० ग्राम चांदी और सोने के आभूषण बरामद किए हैं।आरोपियों ने आसानी से पैसा कमाने की चाह में अपराध को अंजाम दिया था। सभी आरोपी आदतन और सक्रिय अपराधी पाए गए, जो पहले हत्या, डकैती, चोरी और शस्त्र अधिनियम के कई मामलों में शामिल रहे हैं।दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि मजलिस पार्क स्थित एक घर में चोरी के संबंध में ०९.अगस्त की रात को आदर्श नगर थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई।

इसके बाद आदर्श नगर थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी जहांगीरपुरी योगेंद्र खोखर की देखरेख में एसएचओ आदर्श नगर लव आत्रे के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने शिकायतकर्ता का विस्तृत बयान दर्ज करने के साथ साथ सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। इसके अतिरिक्त स्थानीय स्रोतों को सक्रिय किया गया। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर टीम ने आरोपी शैदुल उर्फ हबीबुल उर्फ कोच्चि, (३५) ,अब्दुल उर्फ अली हुसैन, (२९) और समीद.ुल उर्फ समीर उर्फ कल्लू, (२५) को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने उनकी निशानद.ेही पर, ६०,००० रुपये नकद और लगभग ६०० ग्राम सोने और चांदी के आभूषण बरामद किए है।पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने उपरोक्त मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

## मुख्यमंत्री ने विभागाध्यक्षों व प्रशासनिक सचिवों के वित्तीय अधिकार बढ़ाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सरकार के विभागाध्यक्षों और प्रशासनिक सचिवों के वित्तीय अधिकारों में बढ़ोतरी कर दी है। मुख्यमंत्री का कहना है कि इस निर्णय से सुशासन को तो गति मिलेगी ही साथ ही विभिन्न सरक.ारी योजनाओं को गति मिलेंगी और वह समय पर पूरी भी हो जाएंगी। मुख्यमंत्री के अनुसार प्रशासनिक सचिव अब सभी आईटी संबंधी वस्तुओं की खरीद, मरम्मत, किराए पर लेना और रखरखाव के अलावा उपकरणों आदि की सीधे खरीद कर सकेंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि करीब छह साल बाद अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों में बदलाव किया गया है। पिछला बदलाव ०७ अगस्त २०१९ को किया गया था।

उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में प्रशासनिक व वित्तीय सिस्टम में प्रभावी बदलाव हुए हैं। इसके अलावा तकनीकी प्रगति, महंगाई के कारण लागत में वृद्धि, नई व जन-कल्याणाकारी योजनाओं को पूरा करने में भी कई परिवर्तन आए हैं। उन्होंने कहा कि राजधानी को 'विकसित दिल्ली' बनाने और सरकारी योजनाओं का लाभ जनता को जल्द व समय पर पहुंचाने के लिए हमारी सरकार का बजट इस साल बढ़कर एक लाख करोड़ रुपये हो गया है, जबकि उस समय वह ५४,८०० करोड़ रुपये था।



भारत में अगली पीढ़ी के तकनीकी नवप्रवर्तकों को तैयार करने के लिए डीयू और गूगल क्लाउड आए साथ।

# दिल्ली विव ने की गूगल क्लाउड के साथ मिलकर बहु-वर्षीय सहयोग की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीयू ने गूगल क्लाउड के साथ मिलकर एक बहु-वर्षीय सहयोग की घोषणा की है। इसका उद्देश्य छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा, डेटा विश्लेषण और डिजिटल साक्षरता में अत्याधुनिक कौशल प्रदान करना है। यह सहयोग भारत में उच्च शिक्षा के भविष्य को नई परिभाषा देगा। गुरुवार, १४ अगस्त को डीयू और गूगल क्लाउड की ओर से इस आशय के एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय देश का नंबर वन विश्वविद्यालय है। इस सहयोग से गूगल और डीयू दोनों को लाभ होगा। डीयू रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक का प्रयोग काफी बढ़ रहा है। डीयू ने एनईपी २०२० के अनुरूप ऐसे कई कोर्स शुरू किए हैं।

गूगल क्लाउड के साथ इस सहयोग से उनमें काफी लाभ होगा। इस अवसर पर डीयू की ओर से डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी, रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता, डीयू कल्चर काउंसिल के अध्यक्ष एवं जनसंपर्क अधिकारी अनूप लाठर, डीन एफओटी प्रो. संजीव सिंह, डॉ. वनिता जैन और पवन सिंघल आदि उपस्थित रहे।

# छेड़छाड़ का झूठा आरोप लगाकर करते थे लूटपाट, गिरोह गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रात के वक्त कोई लड़की सजधजकर सड़क किनारे खड़े होकर लिफ्ट मांगे तो होशियार हो जाएं। गोकलपुरी इलाके में एक युवती सड़क किनारे खड़े होकर युवकों से लिफ्ट के बहाने रोकती। खुद से छेड़छाड़ करवाती।

तभी उस युवती का भाई व दोस्त आकर उस युवक को लड़की को छेड़ने का आरोप लगाकर पकड़ लेते और उससे जबरन लूटपाट करते। इस गिरोह का गोकलपुरी में आतंक है। युवती कहीं दुष्कर्म व छेड़छाड़ के झूठे आरोप न लगा दे। इस वजह से पीड़ित पुलिस से शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटा पाते। लूट का शिकार हुए एक युवक ने हिम्मत दिखाते हुए गिरोह के एक बदमाश को पकड़ लिया। उस युवक की हिम्मत की वजह से पुलिस ने गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया।

गोकलपुरी थाना पुलिस ने युवती व उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान गोकलपुरी निवासी २४ वर्षीय युवती, इसके दोस्त राहुल उर्फ पग्गल, मुस्तफाबाद निवासी समीर के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से लूट का पर्स बरामद किया है। युवती के भाई की तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस ने बताया कि हरियाणा निवासी सरबजीत नाम का युवक चार अगस्त को तड़के हर्ष विहार से पैदल अकेला गोकलपुरी की तरफ पैदल जा रहा था। तभी दो युवकों ने जबरन उसका रास्ता रोका लिया, अचानक से उनकी साथी युवती भी वहां पर आ गई।

तीनों ने मिलकर उसका पर्स व जेब से पांच सौ रुपये लिए। वारदात के बाद तीनों भागने लगे। युवक ने हिम्मत दिखाते हुए राहुल को मौके से पकड़ लिया।

# राष्ट्रीय एकता पुरस्कार समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के माता सुंदरी कॉलेज गालिब ऑडिटोरियम ITO में 41वा राष्ट्रीय एकता पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया इस समारोह में जाने-माने संगीतकार मोहम्मद रफी किशोर कुमार मुकेश कुमार के को याद किया गया उन के द्वारा गाए गए गीतों के साथ स्वतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर ४१ व राष्ट्रीय एकता पुरस्कार समारोह मनाया गया इस समारोह के मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामदास आठवले जी और श्री मिर्जा मेहताब बैग भी मौजूद रहे और साथ-साथ संगीतकार, कलाकार, बिजनेसमैन, डॉक्टर्स अधिवक्ता शामिल हुए अपने अपने फील्ड में माहिर शख्सियत को अवार्ड से सम्मानित भी किया गया वही क्रिमिनल केस के माहिर अधिवक्ता श्री प्रकाश झा को भी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# आवारा कुत्तों का खौफ, काटने पर रोजाना डेढ़ हजार से अधिक लोग पहुंच रहे अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अस्पतालों में कुत्तों के काटने पर रोजाना औसतन १५०० से अधिक लोग उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इसमें अकेले सफदरजंग अस्पताल में ७००-८०० लोग कुत्ते के काटने पर टीकाकरण के लिए आते हैं। जबकि दिल्ली के दूसरे अस्पतालों में प्रतिदिन १००-१५० की तादाद में लोग कुत्ते के काटने पर उपचार के लिए आते हैं। इसमें नए और पुराने मामले भी शामिल हैं। कुत्ते के हमले का सबसे ज्यादा शिकार बच्चे और युवा होते हैं।

डॉ. राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल के एंटी रेबीज वैक्सीनेशन सेंटर प्रभारी ने बताया, अस्पताल में रोजाना १५०-२०० लोग कुत्ते के काटने के बाद टीकाकरण के लिए आते हैं। इनमें ज्यादातर १४ साल से कम उम्र के बच्चे और युवा शामिल होते हैं। उन्होंने कहा, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कुत्ते के काटने पर एंटी रेबीज वैक्सीनेशन लगाने के लिए तीन पैमाने बनाए हैं। इसमें पहले चरण में अगर सिर्फ कुत्ते ने जीभ से चाटा है तो उस स्थिति में कोई वैक्सीनेशन नहीं होगा।

दूसरी स्थिति में कुत्ते के काटने पर त्वचा पर खरोंच या काटे जाने का निशान है तो उस स्थिति में एंटी रेबीज वैक्सीनेशन लगेगा। तीसरी स्थिति में अगर कुत्ते के काटने से संबंधित जगह पर खून का रिसाव और जख्म हो गया है तो उसमें एंटी रेबीज वैक्सीनेशन और एंटी रेबीज सीरम लगाया जाएगा। वैक्सीनेशन देने के बाद संक्रमण से बचाव के लिए एंटीबॉडी बनती है। इसमें आठ से दस दिन लगते है। एंटी रेबीज सीरम घाव में डाला और लगाया जाता है। इसका तुरंत प्रभाव होता है। सीरम सिर्फ एक बार लगता है। जबकि एंटी रेबीज वैक्सीनेशन की चार डोज लगती है। पहली डोज शून्य से एक दिन के बीच में, दूसरे डोज शून्य से तीन दिन में, तीसरी डोज शून्य से सात दिन के अंदर और आखिरी डोज शून्य से २८ दिन की अवधि में लगती है। रेबीज से बचाव के लिए सभी डोज जरूरी है। वरना वैक्सीनेशन अधूरा माना जाएगा और रेबीज होने की संभावना बनी रहेगी। अगर किसी को रेबीज होता है तो उसकी मौत निश्चित है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को कोई पालतू कुत्ता भी काट ले तो उस स्थिति में भी एंटी रेबीज वैक्सीनेशन जरूरी है।

## पंजीयन खत्म होने पर दिल्ली में नो एंट्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में पुराने वाहनों के प्रतिबंध पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। पंजीयन खत्म होने के बाद जो वाहन बाहर जा चुके हैं उनका अभी भी प्रवेश प्रति.बंधित है। साथ ही, जिन वाहनों का पंजीयन खत्म हुआ है वे भी सड़कों पर नहीं दौड़ सकते। नियमों के तहत पकड़े जाने पर इन वाहनों पर कार्रवाई होगी जिसमें 22 हजार रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति: 30-Elect-21-T-2025-26-E3 दिल्ली मंडल पर जीजेडबी और टीकेडी-पीडब्ल्यूएल खंड सहित दिल्ली राज्य क्षेत्र के भीतर एचटी/एलटी भूमिगत केबल की खराबी का पता लगाने और सुधार के संबंध में विद्युत कार्य। | |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 95,47,828.00 |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 1,91,000.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 04.09.2025, 16:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 04.09.2025, 16:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in व वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

2488/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डीएम ने ली बर्ड फ्लू टास्क फोर्स की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बर्ड फ्लू एवियन इन्फ्लूएंजा टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक रामपुर जिले में H5N1 एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस की पुष्टि होने के बाद बीमारी से बचाव के लिए तैयारियों और सावधानियों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी।

पशुपालन, स्वास्थ्य, वन और पर्यावरण, सिंचाई, राजस्व, पंचायती राज और नगर निकाय सहित विभिन्न विभागों के सदस्यों को मिलाकर एक संयुक्त टास्क फोर्स बनाई गई है। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बर्ड फ्लू को एक वायरल इन्फेक्शन बताया, जो मुख्य रूप से पक्षियों को प्रभावित करता है। इसके लक्षणों में पक्षियों की आँख और नाक से लाल पानी आना, हरे या लाल रंग का पतला दस्त, बुखार, कलगी और पैरों का बैंगनी हो जाना, और अंडे का उत्पादन कम होना शामिल है। बीमारी से बचाव के लिए बायोसिक्योरिटी, साफ-सफाई, बीमार पक्षियों से दूरी बनाए रखना, और मृत पक्षियों का सही तरीके से निपटान डिस्पोजल पिट में करने जैसे सुझाव दिए गए। वर्तमान में हापुड़ जिले में बर्ड फ्लू का कोई मामला सामने नहीं आया है।

पशुपालन विभाग ने पांच रैपिड रेस्पॉन्स टीमें बनाई हैं, जो पोल्ट्री फार्मों का नियमित निरीक्षण कर रही हैं और सैंपल जांच के लिए भेज रही हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बीमारी से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है, जिसमें 450 पीपीई किट, 5000 टैमीफ्लू टैबलेट, 2000 मास्क, 500 H1N1 मास्क, और 100 बिस्तरों का आइसोलेशन वार्ड शामिल है। बर्ड फ्लू से संबंधित किसी भी सूचना के लिए 0122-2980035 और 0122-2980038 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को अपनी तैयारियां पूरी रखने, आम जनता को बर्ड फ्लू के बारे में जागरूक करने, और पोल्ट्री फार्मों से अधिक से अधिक सैंपल जांच के लिए भेजने का निर्देश दिया।

# अजय सुन्दर नारायण सिंह त्यागी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में मिला पदभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय शिवपुरी में हुई बैठक में अजय सुन्दर नारायण सिंह त्यागी असौड़ा हाऊस वाले को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में जिला प्रचार प्रसार प्रमुख और जिला विशेष सम्पर्क प्रमुख नियुक्त किया गया है। यह घोषणा हापुड़ में संघ कार्यालय शिवपुरी में हुई जिला बैठक में की गई। इस बैठक में मेरठ प्रांत के संगठन मंत्री अरुण, विभाग मंत्री निमेष और हापुड़ के जिला अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल भी मौजूद थे। बैठक में तीन अन्य कार्यकर्ताओं को भी नए दायित्व दिए गए। राहुल बक्सर वाले जिला सहसंयोजक, सचिन बक्सर वाले जिला सुरक्षा प्रमुख, शुभम बक्सर वाले जिला सह धर्मप्रसार प्रमुख बनाए गए। इस बैठक का उद्देश्य अखंड भारत के कार्यक्रम की योजना बनाना और विश्व हिंदू परिषद के 61वें स्थापना दिवस की तैयारियों पर चर्चा करना था। बैठक में हापुड़ जिले के 10 प्रखंडों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**
(ई-टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | दिल्ली मंडल में केबल स्वास्थ्य की निगरानी के लिए अर्थ लीकेज डिटेक्टर (ELD) का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | Rs. 86,07,618.50/- |
| धरोहर राशि (₹) | Rs. 1,72,200.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने की दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 13.08.2025 / निविदा खुलने का दिनांक 04.09.2025 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

निविदा संख्या: 558-Sig-16-M-TENDER-1458 दिनांक : 13.08.2025 2492/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर युवती से दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक युवती के साथ कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने का मामला सामने आया है। पीड़िता के भाई ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार पीड़िता के भाई ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव के ही एक आरोपी युवक सूरज उसकी बहन से बाते करता था। जिसके लिए उसे पूर्व में इस बात के लिए चेतावनी दी जा चुकी थी और युवती ने भी सूरज को भविष्य में बात न करने की हिदायत दी थी।

आरोप है कि सूरज ने युवती को नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाई और फिर उसे गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। यह घटना तब हुई जब युवती अपनी मौसी के गांव जा रही थी। रास्ते में आरोपी सूरज ने उसे रोका और जबरदस्ती नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाई। इसके बाद वह युवती को गन्ने के खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। वारदात को अंजाम देने के बाद सूरज युवती को बदहवास हालत में छोड़कर फरार हो गया। कुछ देर बाद दो लाइनमैनों ने युवती को देखा और उसके घर पहुंचाया। होश में आने के बाद युवती ने अपने परि. जनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद परिजनों ने पिलखुवा कोतवाली में पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि पीड़िता के भाई की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया गया है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थान :** 03 वर्ष की अवधि के लिए दिल्ली मंडल के टावर वैगनों का अनिवार्य सामग्री/पुर्जों की आपूर्ति और स्थापना तथा अनुसूचित रखरखाव सहित वार्षिक रखरखाव। |
| 2 | **अनुमानित लागत :** रु. 9,20,96,162.44/- |
| 3 | **बयाना राशि :** रु. 6,10,500/- |
| 4 | **ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि :** 27.08.2025 (10.30 बजे) से 10.09.2025 (15.00 बजे तक) |
| 5 | **ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय :** 10.09.2025 (15.00 बजे) |
| 6 | **निविदा छपाई की लागत :** 07041032 |
| 7 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है :** www.ireps.gov.in |

सं.: 02A-क.वि.-नई दिल्ली-2025-26 दिनांक: 14.08.2025 2497/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ







# स्वतंत्रता दिवस के मद्देनज़र स्टेशन पर सतर्कता, चलाया चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर हापुड़ रेलवे स्टेशन पर रेलवे आरपीएफ व जीआरपी ने संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ट्रेनों और रेलवे स्टेशन व अन्य क्षेत्र में जांच की। इसके अलावा ट्रेनों में यात्रियों और रेलवे स्टेशन पर लोगों के सामान की तलाशी ली गई।

आरपीएफ इंचार्ज राकेश त्यागी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर हापुड़ रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ वो जीआरपी टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रेनों, रेलवे स्टेशन और अन्य क्षेत्र में जांच की गई। यात्रियों सहित रेलवे स्टेशन व आसपास चे. कंग के दौरान हर संदिग्ध पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे सुरक्षा बल 24 घंटे स्टेशन व रेलवे लाइनों के आसपास पेट्रोलिंग करती है लेकिन स्वतंत्रता दिवस को



लेकर यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर यह सुरक्षा बढ़ाई गई है। यात्रियों से भी अपील की गई है कि वह आसपास या ट्रेनों के अंदर किसी प्रकार से कोई संदिग्ध वस्तु या किसी संदिग्ध व्यक्ति को देखे तो सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि किसी भी बड़ी अनहोनी घटना को रोका जा सके।




# महिला पर ज्वलनशील पदार्थ फेंकने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला त्रिलोकीपुरम में एक 23 वर्षीय महिला पर ज्वलनशील पदार्थ फेंके जाने का आरोप लगा है। यह घटना बुधवार देर रात की है, जिसके बाद पीड़िता करिश्मा को इलाज के लिए मेरठ रेफर कर दिया गया है। पीड़िता के परिवार के अनुसार करिश्मा अपनी बहन के साथ कमरे में सो रही थी, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उस पर कथित तौर पर एसिड जैसा ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया। इस हमले में उसकी आँखों में जलन और सूजन आ गई। उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। जहाँ से उसकी हालत को देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया गया। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची और जाँच शुरू की।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गाँव बड़ोदा खुर्द में एक वैवाहिक विवाद के चलते 24 वर्षीय विजय ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार विजय की शादी तीन साल पहले पिलखुवा के पबला रोड निवासी तनु से हुई थी। परिजनों के मुताबिक पिछले कुछ समय से पति-पत्नी के बीच अनबन चल रही थी। विजय की पत्नी उस पर पिलखुवा में रहने का दबाव बना रही थी और इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहा. सुनी हुई। झगड़े के बाद विजय ने घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसके बाद परिजन उसे गंभीर हालत में रामा अस्पताल ले गए।






# अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

■ सात मोटरसाइकिल व असलहा बरामद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के थाना जेवर पुलिस ने दो अंतर्राज्यीय वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की सात मोटरसाइकिल, देशी तमंचा सहित अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस अब चोरी के वाहन खरीदने वालों की तलाश कर रही है।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि एक सूचना का आधार पर थाना जेवर पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से चेकिंग के दौरान अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो अभियुक्त अभिषेक सिंह पुत्र समय सिंह तथा कृष अग्रवाल पुत्र दीपक अग्रवाल को ग्राम मेहन्दीपुर, गोपालगढ़ रोड़ से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे व निशोदही पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न जगहों से चोरी की 7 मोटरसाइकिल तथा अभियुक्त कृष के कब्जे से एक अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी काफी दिनों से वाहन चोरी की वारदातें कर रहे हैं। इन्होंने दर्जनों वाहन चोरी करनी स्वीकार किया है।

एडीसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे ब्लिंकिट कंपनी में कार्य करते थे, इसी दौरान उन्हें ऐप पर गेम खेलने की लत लग गयी थी जिसमें वे काफी पैसा हार गये थे और उनके ऊपर कर्जा हो गया था। इसलिए दोनों ने मोटरसाइकिल चोरी करने का तरीका अपना लिया। बदमाशों ने बताया कि चोरी की मोटरसाइकिल को 10 से 15 हजार रूपये में दिल्ली, नोएडा व अन्य राज्यों में बेच देते थे। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों का अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह है, जिसके अन्य सदस्यों के बारे में व चोरी के वाहन खरीदने वालों की गहन जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

# पुराना हादसा बताकर क्लेम देने से नहीं कर सकती बीमा कंपनी इंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बीमित वाहन के हादसाग्रस्त होने पर बीमा कंपनी को क्षतिपूर्ति करनी होगी। पुराना हादसा बताकर क्लेम देने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। ऐसे ही एक मामले में जिला उपभोक्ता आयोग ने 5.15 लाख रुपये 6 फीसदी ब्याज समेत 30 दिन के अंदर बीमा कंपनी को अदा करने के आदेश दिए। आयोग के अध्यक्ष अनिल कुमार पुंडीर और सदस्य अंजु शर्मा ने सुनवाई की।

ग्रेटर नोएडा के बिसरख गांव निवासी अभिषेक बंसल ने कार का बीमा चोला मंडलम एमएम जनरल इंश्योरेंस कंपनी से कराया था। बीमा पॉलिसी 24 जुलाई 2021 से 23 जुलाई 2022 तक वैध थी। 21 नवंबर 2021 को वह वाहन से रादौरा से नोएडा आ रहे थे। इंद्री बस स्टैंड के समीप ट्रक की टक्कर से वाहन हादसाग्रस्त हो गया। वाहन को ठीक करवाने के लिए सर्विस सेंटर भेज दिया। हादसे की सूचना बीमा कंपनी को दी। बीमा कंपनी ने सर्वेयर को जांच के लिए भेजा जिसकी रिपोर्ट के बाद भी बीमा कंपनी ने क्लेम नहीं दिया। इसके खिलाफ उन्होंने जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। आयोग में सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी ने अपना पक्ष रखा कि हादसे में घायल दोनों लोगों की मेडिकल रिपोर्ट नहीं दी गई।

सर्वेयर ने कहा कि हादसे की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। कार में पाई गई क्षतियों में जंग लगा था। क्षतियों दो से तीन माह पुरानी प्रतीत हो रही थी। दोनों पक्षों के तथ्यों पर विचार करने के बाद जिला उपभोक्ता आयोग ने माना अभिषेक ने हादसे में अस्पताल में चोटों के उपचार के संबंध में प्रलेख पेश किए है। बीमा कंपनी का कहना है कि सर्वेयर की जांच में समय कार में क्षतियां में जंग लगा पाया था। दोनों की दलील सुनने के बाद आयोग ने माना कि बीमा कंपनी की ओर से सेवा में कमी की गई है और क्लेम देने से इन्कार नहीं कर सकती है।

# कंपनी प्रबंधन के 38 लाख रुपये का हड़पने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-132 स्थित कंपनी के प्रबंधन ने चना खरीदने के एवज में 38 लाख रुपये का भुगतान न करने का आरोप लगाया है। प्रबंधन ने कोर्ट के आदेश पर महाराष्ट्र और गुजरात निवासी आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-126 थाने में केस दर्ज कराया है। सौरभ शर्मा ने न्यायालय में दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि वह सेक्टर-132 स्थित अक्षमाला साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि हैं। कंपनी प्रबंधन उर्वरक, कीटनाशक बीज, कृषि उत्पादन से संबंधित खरीद और बिक्री का काम करती है। दो साल पहले कंपनीकर्मी अमित महात्रे लातूर का बस्वाधर गंगाधर स्वामी कंपनी प्रबंधन से चना खरीद को लेकर संपर्क हुआ।

कंपनी के खरीद अधिकारी विपिन प्रह्लाद राव ने उनसे चना लेकर बेचने पर मोटा मुनाफा होने की बात कही। अमित के राजी होने पर विपिन ने चना खरीदने, बेचने और माल ढुलाई वाली कार्तिक ट्रेडर, आशापूर्ण आयल ट्रेडर, दीपक भानुशाली, मीनल भानुशाली, श्री गुरुदेव ट्रेडिंग, विपुल एल लालजी भानुशाली, वर्धमान एंटरप्राइजेज और भद्रा हार्दिक प्रोपराइटर से संपर्क कराया। आरोप है कि जून 2023 में कार्तिक ट्रेडर से चना खरीदकर आशा पूर्णा आयल ट्रेडर को 12 लाख रुपये का माल, कार्तिक से 18 लाख रुपये और आठ लाख रुपये का माल गुरुदेव ट्रेडिंग को भिजवाया गया। इसकी एवज में संबंधित फर्म प्रबंधन को भुगतान भी किया गया, लेकिन कभी नहीं मिला। इसके बाद आरो. पियों ने संपर्क करना बंद कर दिया। न ही कोई रसीद, बिल आदि दस्तावेज दिए। जानकारी करने पर पता चला कि आरोपियों पर नागपुर ग्रामीण थाने में हस्ते खां ने भी 3.50 करोड़ रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया हुआ है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की।

# एसटीएफ जवानों ने दिखाया अदम्य साहस

## एसटीएफ के चार जवान और पूर्व थाना प्रभारी सेक्टर-20 को मिला गैलेंट्री अवॉर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा एसटीएफ की दो ऐसी मुठभेड़ जिसमें जवानों ने अदम्य साहस का परिचय दिया और बदमाशों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। इसमें पहली नोएडा के थाना सेक्टर-20 क्षेत्र में हुई। इसमें एसटीएफ और पुलिस ने मिलकर अजय उर्फ कालिया को ढेर किया था। कालिया पर 2 लाख का इनाम था। वहीं दूसरी मुठभेड़ प्रतापगढ़ में हुई जिसमें एसटीएफ नोएडा ने नौ हत्या में वांछित बदमाश बबलू को मार गिराया ।



7 जुलाई 2021 एसटीएफ एक सूचना मिली कि हाईवे पर एक्सल फेंककर नुकीली कीले गाड़कर घटना करने वाला एक्सेल गैंग थाना सेक्टर-20 क्षेत्र में घटना करने वाला है। जानकारी मिलते ही एसटीएफ ने थाना सेक्टर-20 प्रभारी से संपर्क किया। जाइंट टीम ने एक्सेल गैंग को इंटरसेप्ट करे पुलिस होने का परिचय दिया और रुकने के लिए कहा गया। एक्सेल गैंग ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया और भागने लगा। पुलिस ने जवाबी एक्शन लिया और फायर किया। जिसमें एक बदमाश गोली लगने से वहीं गिर गया।दूसरा बदमाश भाग गया। घायल बदमाश को अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी शिनाख्त अजय उफ कालिया निवासी रेवाड़ी हरियाणा हुई। जनपद अलीगढ़, मथुरा, पलवल से आरोपी वांछित था। इस पर दो रुपए का इनाम रखा गया था। आरोपी डकैती, लूट के अलावा सवारियों से रेप तक करता था।

मुठभेड़ और सूचना संकलन में साहस का परिचय देने वाले एसआई अक्षय त्यागी एसटीएफ नोएडा, हेड कॉन्स्टेबल मुकेश एसटीएफ नोएडा, हेड कॉन्स्टेबल राजन एसटीएफ नोएडा और उस समय थाना सेक्टर-20 प्रभारी इंस्पेक्टर मुनेश चौहान को गैलेंट्री अवार्ड से सम्मानित किया गया।

**घुमंतू जाति के बदमाश बबलू को घेरा:** 23 अक्टूबर 2019 एसटीएफ नोएडा यूनिट को जानक. ारी मिली कि घुमंतू जाति के कुछ बदमाश किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने वाले हैं। तत्काल एसटीएफ नोएडा प्रतापगढ़ के रानीगंज पहुंची। प्रतापगढ़ पुलिस को साथ लिया और रात करीब साढ़े आठ बजे पहुंचकर घेराबंदी की। वॉर्निंग देने पर वहां मौजूद बदमाशों ने टीम पर फायर कर दिया।

पुलिस और एसटीएफ ने फायर किया जिसमें एक बदमाश को गोली लगी। बाकी फरार हो गए। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया वहां डॉक्टरों ने उस मृत घोषित कर दिया। इसकी शिनाख्त बबलू उर्फ पतला उर्फ साजिद के रूप में हुई। बबलू नौ हत्याओं में वांछित और 50 हजार का इनामी बदमाश था। इस एनकाउंटर में अदम्य साहस का परिचय देने वाले हेड कॉन्स्टेबल प्रमोद कुमार एसटीएफ नोएडा गैलेंट्री अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### स्कूटी सवारों ने बैंककर्मी से मोबाइल छीना

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-28 में डीपीएस स्कूल के पास स्कूटी सवार दो बदमाश बैंककर्मी से मोबाइल झपट ले गए। पीड़ित ने सेक्टर-20 थाना पुलिस से शिकायत की है। दीपक अरोड़ा ने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार रात करीब पौने 12 बजे खाना खाकर टहलने निकले थे। इसी दौरान किसी परिचित का फोन आया तो वह बात करते हुए चलने लगे। इसी दौरान पीछे से स्कूटी सवार दो बदमाश आए। पीछे बैठे बदमाश ने उनके हाथ से मोबाइल झपटा और दोनों भाग गए। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी में बदमाश वारदात कर भागते दिखाई दिए। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### मूलभूत सुविधाओं को लेकर यूपीसीडा कार्यालय पर प्रदर्शन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सिकंदराबाद औद्योगिक क्षेत्र के गांव और आवासीय कॉलोनी निवासियों ने साइट-5 स्थित उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि मूलभूत सुविधाएं नहीं होने से परेशानी हो रही है। उन्होंने समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की। निवा. सियों ने बताया कि सरकारी कॉलोनी को करीब 50 साल पहले बनाया गया था। तब से अब तक वहां पर शिक्षा, चिकित्सा आदि सुविधाएं नहीं है। बिजली, पानी व सड़क की व्यवस्था भी अच्छी नहीं है। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के जिलाध्यक्ष सुशील प्रधान के नेतृत्व में पहुंचे लोगों ने कहा कि कॉलोनी के मुख्य रास्ते पर गहरे गड्ढ़े हो गए है। इस मौके पर बलराज हूण, डॉ दीपक शर्मा, प्रेमराज भाटी, प्रेम प्रधान, सुशील प्रधान, बसंत भाटी, धीर सिंह भाटी, डॉ मगन बिधूड़ी, मनोज अधाना, विजय प्रधान, मलखान सिंह समेत अन्य निवासी मौजूद रहे।

### ईएसआईसी अस्पताल रविवार को भी खुलेगा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-24 स्थित ईएसआईसी अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज छुट्टी के दिन रविवार को भी खुला रहेगा। इस दिन ओपीडी, भर्ती समेत अन्य सुविधाएं मरीजों को मिलेंगी। लगातार तीन दिन छुट्टी होने की वजह से अस्पताल प्रबंधन ने यह निर्णय लिया है। शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस, शनिवार को जन्माष्टमी और रविवार को साप्ताहिक अवकाश है। ऐसे में ईएसआईसी अस्पताल ने दो दिन की छुट्टी रखी है। रविवार को अस्पताल खुला रहेगा। हड्डी विभाग के ऑपरेशन शनिवार को नहीं होंगे। अगले दिन इस चिकित्सकीय विभाग के सभी ऑपरेशन होंगे। जिला अस्पताल की ओपीडी 11 बजे तक होगी नोएडा। जिला अस्पताल में शुक्रवार और शनिवार को ओपीडी सुबह 11 बजे तक होगी।

आपातकालीन और भर्ती आदि सुविधाएं भी मिलेंगी। रविवार को अस्पताल में ओपीडी नहीं होगी।

### स्वतंत्रता दिवस पर ग्रेनो में निकलेगी रोलर स्केटिंग तिरंगा रैली

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ग्रेटर नोएडा की सड़कों पर तिरंगा और स्केट्स का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। ग्रेनो रोलर स्केटिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से 15 अगस्त को रोलर स्केटिंग तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसमें स्केटिंग खिलाड़ी देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आएंगे।

रैली की शुरुआत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय से की जाएगी। इसके बाद स्केटिंग करते हुए प्रतिभागी डेल्टा, गामा, बीटा, परीचौक, अल्फा जैसे प्रमुख सेक्टरों से गुजरेंगे और अंत में शहीद विजय सिंह पथिक मार्ग पर इसका समापन होगा। जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष आकाश रावल ने बताया कि इस रैली में आठ से 25 वर्ष की आयु के लगभग 40 से अधिक स्केटिंग खिलाड़ी भाग लेंगे। सभी प्रतिभागी अपने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति की भावना को जीवंत करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक तारीख नहीं है, बल्कि यह वह एहसास है जो हमें हमारे इतिहास, बलिदानों और पहचान से जोड़ता है। इस रैली का उद्देश्य नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और खेलों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता फैलाना है।

# जिला कारागार के 12 अफसर-कर्मचारी होंगे सम्मानित

**नोएडा।** स्वतंत्रता दिवस पर शुक्रवार को जिला कारागार के 12 अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मान मिलेगा। यूपी पुलिस महा. निदेशक कारागार प्रशासन और सुधार सेवाएं प्रेमचंद मीणा कारागार प्रशंसा चिह्न से सम्मानित करेंगे। जेल अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि जिन्हें सम्मान मिलेगा उनमें हीरक श्रेणी में जेल वार्डर विनोद कुमार सिंह, गोल्ड श्रेणी में कारापाल राजेश कुमार मौर्य, उप कारापाल शिशिरक. ांत कुशवाहा और जेल वार्डर नवीन कुमार का चयन हुआ है। सिल्वर श्रेणी में हेड जेल वार्डर पंकज कुमार मिश्रा, जेल वार्डर संदीप कुमार, उमेश भारद्वाज को सम्मान मिलेगा। प्रशंसा पत्र श्रेणी में अधीक्षक, कारापाल संजय कुमार शाही और हेड जेल वार्डर शिव कुमार शर्मा को सम्मानित किया जाएगा।

# ईकोटेक थ्री, हबीबपुर, कुलेसरा में जलभराव से निजात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कुलेसरा, हबीबपुर और इकोटेक थ्री में बारिश होने पर जलभराव की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो गया है। बारिश के पानी की निकासी के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से पाइपलाइन का कार्य पूरा हो गया। बृहस्पतिवार सुबह तेज बारिश से जलभराव की समस्या न हो, इसे देखते हुए प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस व सुमित यादव ने ईकोटेक 3 का मौके पर जायजा लिया और जल निकासी के लिए डाली गई पाइपलाइन को शुरू करा दिया है।

हालांकि पैरापिट वॉल बनाने का कार्य बाकी है, जो कि बारिश खत्म होने के बाद किया जाएगा। बारिश का पानी ईकोटेक 3 से सीआईएसफ कैंप रोड और लखनावली होते हुए हिंडन नदी में गिराया जा रहा है। इससे इकोटेक थ्री और कुलेसरा में जलभराव की पुरानी समस्या हल हो गई। इससे पहले एसीईओ सुमित यादव ने ग्रेनो वेस्ट के निर्माणाधीन अंडरपास से लेकर गौड़ मॉल होते हुए इटैड़ा गोलचक्कर तक पैदल निरीक्षण किया। हालांकि इस रूट पर जलभराव की स्थिति न दिखने पर संतोष जाहिर किया। इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव, वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर भी साथ रहे। इसके बाद एसीईओ सुमित यादव ने परी चौक और एक्सपो मार्ट के आसपास के एरिया का जायजा लिया। जलभराव न होने देने और ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

# इस्कॉन मंदिर के आसपास जन्माष्टमी पर कल वाहनों के लिए रास्ते बदलेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जन्माष्टमी के मौके पर सेक्टर-33ए स्थित इस्कॉन मंदिर में काफी संख्या में लोग आते हैं। इसको देखते हुए शनिवार को मंदिर के आसपास वाहनों के रास्तों में बदलाव रहेगा। इससे पहले शुक्रवार सुबह से सेक्टर-53 गिझौड़ चौराहे से सीधे इस्कॉन मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते को वाहनों के लिए बंद कर दिया जाएगा। सेक्टर-19 सनातन और सेक्टर-2 लाल मंदिर के आसपास जरूरत पड़ने पर शनिवार दोपहर से ही व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा। इसको लेकर यातायात पुलिस ने योजना तैयार कर ली है। सेक्टर-53 गिझौड़ चौराहे से सीधे सेक्टर-31-25 चौराहे की ओर शनिवार को वाहन आ-जा नहीं सकेंगे।



हालांकि, शुक्रवार को ही गिझौड़ चौराहे से कुछ आगे सेक्टर-33 कट से एनटीपीसी अंडरपास के पास रास्ता बंद कर दिया जाएगा। डीसीपी यातायात लखन यादव ने बताया कि मंदिरों में जाने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो, इसके लिए यातायात पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर दी है। सेक्टर-18 से सीधे 60 की ओर आने -जाने के लिए एलिवेटेड रोड चलता रहेगा। सिर्फ इस्कॉन मंदिर के सामने उतरने वाला और एनटीपीसी के सामने चढ़ने वाला लूप ट्रैफिक के लिए बंद रहेगा। डीसीपी ने बताया कि यातायात संबंधित जानकारी के लिए लोग हेल्पलाइन नंबर 9971009001 पर भी संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वाहनों के रास्तों में बदलाव की यह व्यवस्था शनिवार देर रात तक लागू रहेगी। रविवार सुबह से ही वाहन पुराने रूट पर चल सकेंगे।

**ऐसे आ-जा सकेंगे:** सेक्टर-24 एनटीपीसी अण्डरपास के ऊपर से सेक्टर-53 गिझौड़ चौराहे की ओर तथा गिझौड़ चौराहे से एनटीपीसी अंडरपास के ऊपर तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा। जिन वाहनों को गिझौड़ चौराहे से सेक्टर-27 अट्टा अंडरपास की ओर आना है, वे वाहन गिझौड़ चौराहे से बायें मुड़कर सेक्टर-51 होशियारपुर तिराहे से दाहिने मुडकर सेक्टर-32 सिटी सेन्टर मेट्रो स्टेशन के सामने से होते हुए गंतव्य को जा सकते हैं। इसके अलावा सेक्टर-53 गिझौड चौराहे से दाहिने मुडकर सेक्टर-54 पुलिस चौकी तिराहे से सेक्टर-22 समरविले स्कूल के सामने से होकर अपने गन्तव्य स्थान को जा सकते है -जिन वाहनों को सेक्टर- 31-25 चौराहे से गिझौड चौराहा होते हुए सेक्टर-60, 62, इन्दिरापुरम गाजियाबाद की ओर जाना है, वे वाहन सेक्टर 31-25 चौराहे से सेक्टर-25ए स्पाईस मॉल चौराहा से एडोब चौक, सेक्टर-22, 23, 54 तिराहा से गिझौड़ चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य स्थान को जा सकेंगे। जिन वाहन चालकों को कार्यक्रम स्थल की ओर (इस्कॉन मंदिर) जाना है, वे लोग सेक्टर-25ए एडोब बिल्डिंग के बराबर में बनी पार्किंग में अपने वाहन पार्क कर पैदल मंदिर में प्रवेश करेंगे - वीवीआईपी पार्किंग में जाने वाले वाहन चालक सेक्टर 33/34 तिराहे से प्रवेश कर सेक्टर-33ए शिल्प हॉट पार्किंग में अपने वाहन खडा कर पैदल जा सकेंगे।

**सेक्टर-19 सनातन और सेक्टर-2 मंदिर के आसपास यातायात व्यवस्था में बदलाव:** सेक्टर 19-27 डीएम आवास चौराहे से रायरेजीडेन्सी के मध्य एवं डीएम चौराहे से सेक्टर-19 टेलीफोन एक्सचेन्ज की ओर वाहनों का आवागमन जरूरत पड़ने पर प्रतिबंधित किया जाएगा। इसी तरह सेक्टर-2 मंदिर के आसपास भी जरूरत पडने पर वाहनों के रास्तों में बदलाव होगा। सेक्टर-1 संदीप पेपर मिल चौराहे से सेक्टर-1 गोलचक्कर के बीच वाहनों का आवागमन जरूरत पड़ने ही बंद किया जाएगा।

# नोएडा प्राधिकरण कराएगा स्ट्रीट डॉग्स का सर्वे

## शेल्टर होम्स बनाकर नियुक्त होंगे पशु चिकित्सक, अब तक 50 हजार स्ट्रीट डॉग्स की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सुप्रीम कोर्ट ने स्ट्रीट डॉग्स को शेल्टर भेजने का आदेश दिया है। इस आदेश के तहत नोएडा में डॉग्स का सर्वे किया जाएगा। अब तक किए गए सर्वे में करीब 50 हजार डॉग्स की जानकारी सामने आई है। बाकी सर्वे का काम एनजीओ से कराया जाएगा।

सीईओ लोकेश एम ने बताया कि नोएडा में चार डॉग शेल्टर सेक्टर-34, 50, फेज-2 और सेक्टर-93 में है। सेक्टर-34 और 93 के शेल्टरों में डॉग को रखा गया है। सेक्टर-94 में एनिमिल शेल्टर है। यहां बीमार पशुओं का इलाज किया जाता है।

नए डॉग शेल्टर बनाए जाने के कहा गया है। ये शेल्टर काफी बड़े होंगे। इसके लिए जमीन चिह्नित करने के कहा गया है। शेल्टर शहर के आउटर एरिया में बनाए जाएंगे। शेल्टर में आने वाले डॉग्स या बीमार डॉग्स के इलाज के लिए पशु चिकित्सकों को भी रखा जाएगा। डॉग्स की फीडिंग और अन्य कार्यों के लिए एनजीओ से संपर्क किया जा रहा है। प्राधिकरण की एक पूरी टीम इस काम में लगाई गई है। सर्वे पूरा होने के बाद आगे की रणनीति पर काम किया जाएगा।

**सात महीने में 73 हजार को स्ट्रीट डॉग्स ने काटा:** जिला प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार गौतमबुद्ध नगर में पिछले सात महीने में 73 हजार 754 लोगों को डॉग ने कटा है। ये सभी बाइट स्ट्रीट डॉग ने की। इसमें जनवरी 2025 में 9383, फरवरी में 10175, मार्च में 11599, अप्रैल में 10925 और जून में 10646 और जुलाई में 10394 में लोगों को काटा है।

**पालतू डॉग्स ने 24 हजार को काटा:** सात महीने में 24 हजार 856 लोगों को पालतू डॉग ने काटा है। इसमें जनवरी में 3124, फरवरी में 4662 मार्च में 2463 , अप्रैल में 3267 मई में 2958, जून में 2815 और जुलाई में 5567 लोगों को पालतू डॉग्स ने काटा है। इन डॉग्स को रखने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने डाग्स पालिसी बनाई है। इसके तहत पालतू डॉग्स का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। साथ ही बाइट करने पर भारी भरकम जुर्माना और मुकदमा भी नोएडा में दर्ज किए गए है। रिकार्ड में अब तक 8169 डॉग्स का रजिस्ट्रेशन किया गया है।

# मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवाकांत द्विवेदी ने किया विधिवत शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम की श्रृंखला में आज दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल नॉलेज पार्क-5 ग्रेटर नोएडा में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन हुआ, जिसका मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवाक. ांत द्विवेदी द्वारा कार्यक्रम का फीता काटकर विधिवत्त शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विभाजन विभीषिका की एक प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें विभाजन को दर्शाने वाली किताबें और क्लिपिंग व शॉर्ट डॉक्युमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। साथ ही दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में प्रदर्शनी एवं स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने स्कूल प्रिंसिपल जो स्वयं विभाजन की त्रासदी झेल चुके परिवार की सदस्य हैं, को पौधा देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों से आह्वान किया कि बच्चों विभाजन विभीषिका की पुस्तक पड़े तब आपको ज्ञात होगा कि विभाजन से कितना दर्द होता है कितनी तकलीफों से गुजरना पड़ता है विभाजन का दर्द आज भी हमारे हृदय में उठ पड़ता है। उन्होंने कहा कि हम सबको आपसी सौहार्द के साथ अपने देश के निर्माण के लिए आगे बढ़ाना है और देश की तरक्की के साथ-साथ इसकी रक्षा के लिए सतत समर्पित रहना है।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, जिला दिव्यांगजन अधिकारी आशीष कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसोदिया, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कुमुद चौधरी, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी गण, शिक्षक एवं स्कूली बच्चों तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर 20 लाख रुपये ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट निवासी कंपनीकर्मी से शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 20 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने उन्हें 15 से 30 प्रतिशत तक लाभ कमाने का झांसा देकर फंसाया। पीड़ित की शिकायत पर साइबर अपराध थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के महागुन मायवुड सोसाइटी निवासी अशोक कुमार ने पुलिस को बताया कि वह एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। वह शेयर बाजार में निवेश करने में भी रुचि रखते हैं। उनके पास अक्तूबर 2024 में व्हाट्सऐप पर शेयर बाजार संबंधी मैसेज आया। उसके बाद किसी कथित प्रोफेसर निथिकामथ की कॉल आई।

उससे बात होने लगी। उसने खुद को शेयर बाजार का अनुभवी बताया। ठग ने खुद के बताए शेयर में निवेश करने पर जोर दिया। इस तरह से कम समय में ही 15-30 प्रतिशत का लाभ होने का दावा किया। ठग ने अपनी सहायक गीतिका आनंद के माध्यम से अपनी वेबसाइट पर पंजीकरण कराया। अशोक ने कम रकम के साथ निवेश करना शुरू किया। आरोपियों ने विश्वास दिलाने के लिए रकम भी वापस खाते में भेज दी। विश्वास होने पर अशोक ने छह अक्तूबर से 28 अक्टूबर 2024 तक कई बार में 20 लाख रुपये निवेश कर दिए। पीड़ित ने रकम निकालनी चाही तो ठगों ने विभिन्न तरह के शुल्क के नाम पर और रकम जमा कराने के लिए दबाव बनाया। तब जाकर पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ।

# डीएम ने स्पोर्ट्स स्टेडियम का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम ने आज मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम, ग्रेटर नोएडा का स्थलीय निरीक्षण करते हुए स्टेडियम की सुविधाओं, रखरखाव और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण माहौल का बारीकी से अवलोकन किया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खेल विभाग के वरिष्ठ प्रशिक्षक को निर्देश दिए कि स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त खेल उपकरण, मूलभूत सुविधाएं और स्वच्छ वातावरण हर समय उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रोत्साहन समिति के माध्यम से उपकरणों की खरीद, ट्रैक और मैदान की मरम्मत, जिम व कोर्ट की देखभाल तथा खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि स्टेडियम में स्वच्छ पेयजल, साफ-सुथरे शौचालय, उचित बैठने की व्यवस्था और खेल सामग्री का नियमित रखरखाव अनिवार्य रूप से किया जाए।

वरिष्ठ प्रशिक्षक परवेज अली ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि स्टेडियम में सफाई कर्मियों की कमी है, जिस पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए मौके पर ही जिला पंचायत राज अधिकारी को सफाई कर्मी हेतु व परिसर में फैली झाड़ियों और पेड़-पौधों की छंटाई, वृक्षों का रख-रखाव और हरित सौंदर्यीकरण हेतु प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
समाजवादी पार्टी
फैसल हुसैन एड.
जिला अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी गाजियाबाद


SUMMERCOOL
आप सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं
संजीव कुमार गुप्ता


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता
की दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप बंसल
जिलाध्यक्ष, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल गाजियाबाद


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
ललित कश्यप
पूर्व निगम पार्षद एवं
कार्यकारिणी सदस्य, गाजियाबाद


HAPPY Independence DAY
सभी देशवसियों को
आजादी के पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
विशाल वर्मा जाटव
जिला उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक प्रत्याशी, समाजवादी पार्टी


पिपलैड़ा इण्डेन गैस सेवा
की तरफ से आप सभी को
Indane
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
पिपलैड़ा बस स्टैंड मसूरी, गुलावटी रोड, हापुड़
संपर्क: 9990302927, 8449306350
प्रो. सतीश प्रधान
डासना देहात (इंद्रगढ़ी वाले)


सभी देशवासियों को
साहस और शौर्य के प्रतीक राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
आइये देश के लिये अपना सर्वस्व
अर्पण कर देने वाले आजादी के महान
नायकों को मिलकर नमन करें।
डॉ आचार्या कृति शर्मा
वरुण शर्मा
भाजपा गाजियाबाद महानगर (वार्ड 72 कौशांबी वैशाली)


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
महेश कुमार आहूजा
प्रदेश उपाध्यक्ष
शिवसेना यू.बी.टी. उत्तर प्रदेश


Ganesh
गणेश मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
एवम् टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
की तरफ से सभी शहरवासियों को
स्वतंत्रता दिवस व श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएँ
हमारी सेवाऐं
स्त्री/प्रसूति रोग
आई.वी.एफ. सेंटर
हड्डी रोग
सामान्य एवं दूरबीन द्वारा सर्जरी
सामान्य मेडिसिन
शिशु व बाल रोग
न्यूरोलॉजी
नेफ्रोलॉजी व गुर्दा रोग
दांत रोग एवं ट्रॉमा
एनस्थिसिया एवं पेन मेनेजमेंट
कान, नाक व गला रोग
पुलमोनेरी एवं रेस्पेट्री डिसीज
फिजियोथेरेपी
कॉर्डियोलॉजी
यूरोलॉजी एवं गुर्दा पथरी
क्रिटिकल केयर
ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
आर्थोस्कोपी
नेत्र रोग
प्लास्टिक सर्जरी
पेट रोग
ऑपरेशन थियेटर
आई.सी.यू.
एन.आई.सी.यू.
इमरजेंसी
24X7 EMERGENCY SERVICE
समर्थन सेवाऐं 24 घण्टे
रेडियोलॉजी (सी.टी. स्कैन,
एक्स-रे, इको, यूएसजी)
पेथोलॉजी
फार्मेसी
डायलिसिस
एम्बुलेंस
II-C/3, Nehru Nagar, Ghaziabad (U.P.), Tel: 0120-4183900 (30 Lines), Mob.: +91-8800097156
E-mail : drachanasharma.ganesh@gmail.com | Website : www.ganeshtesttube.in


Happy Independence Day


यौमे आजादी की हरदिल
अजीज अवाम, समाजवादी
पार्टी के बहादुर कार्यकर्ताओं
व पदाधिकारियों को
मुबारकबाद व बधाई
अहमद खिजर
कार्यालय प्रभारी-समाजवादी पार्टी बिजनौर


यौमे आजादी
की सभी को
मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष-सपा, बिजनौर
पूर्व चेयरमैन-नगर पंचायत झालू


यौमे आजादी
की सभी को
मुबारकबाद
नफीस कुरैशी
पूर्व चेयरमैन
नगर पालिका परिषद, अफजलगढ़


यौमे आजादी की हरदिल अजीज
अवाम, धामपुर नगर पालिका के
सम्मानित मतदाताओं, समाजवादी
पार्टी के बहादुर कार्यकर्ताओं व
तमाम हमदर्दों को
मुबारकबाद व बधाई
नाजिम कुरैशी
वरिष्ठ नेता समाजवादी पार्टी, धामपुर


यौमे आजादी की हरदिल अजीज
अवाम, बिजनौर विधानसभा क्षेत्र के
सम्मानित मतदाताओं, आजाद
समाज पार्टी के बहादुर कार्यकर्ताओं
व तमाम हमदर्दों को
मुबारकबाद व बधाई
महबूब अहमद भट्टे वाले
वरिष्ठ आसपा नेता व समाजसेवी, बिजनौर




7217.410.410, 9412.486.198
जीरो बन कर आये, हीरो बन कर जाये
(R.N. 70885)
जन्नत क्लीनिक
की ओर से सभी क्षेत्रवासियों को
DR. M.V. RAJPOOT
FOUNDER
DR. M.S. RAJPOOT
B.A.M.S. Kanpur
ब्रजेश पाठक
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार
2024-25
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाऐं
मिलने का समय रोजाना शाम 4:00 बजे से रात 8:00 बजे तक
पता:- लोनी बॉर्डर भारत पैट्रोल पम्प के सामने

# लोकतांत्रिक जवाबदेही

किसी भी निर्वाचित विधानसभा में मताधिकार रखने वाले सदस्यों के मनोनयन जैसे बड़े फैसले लोकतांत्रिक जनादेश से आने चाहिएं, न कि प्रशासनिक विवेक से। केंद्रीय गृह मंत्रालय का जम्मू एवं कश्मीर हाईकोर्ट से यह कहना कि उप-राज्यपाल (एलजी) निर्वाचित सरकार की सहायता और सलाह के बगैर पांच विधानसभा सदस्य मनोनीत कर सकते हैं, लोकतांत्रिक जवाबदेही को धता बताता है। हाईकोर्ट का संवैधानिक सवाल इससे ज्यादा सीधा नहीं हो सकता, क्या जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, जो एलजी को पांच विधानसभा सदस्य मनोनीत करने की इजाजत देता है, जिससे अल्पसंख्यक सरकार बहुमत की सरकार में बदल सकती है और इसका उल्टा भी हो सकता है, संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है, इस सवाल को संबोधित करने के बजाय, मंत्रालय कानून के तकनीकी बिंदुओं में चला गया। पुडुचेरी के के. लक्ष्मीनारायणन बनाम भारत संघ' मामले का हवाला देते हुए, उसने अपनी दलील में कहा कि मनोनयन निर्वाचित सरकार के काम के दायरे से बाहर हैं। उसने दावा किया कि स्वीकृत संख्या में निर्वाचित और मनोनीत, दोनों तरह के सदस्य शामिल हैं। उसने लो.कतांत्रिक परामर्श को दरकिनार करने के औचित्य के रूप में केंद्रशासित प्रदेश अधिनियम (मतदान प्रक्रियाएं), 1963 की धारा 12 का भी उल्लेख किया। जब 119-सदस्यीय विधानसभा में पांच मनोनीत सदस्य सरकार की स्थिरता तय कर सकते हों, तो यह मुद्दा स्वीकृत संख्या की कानून-द्वारा-निर्धारित परिभाषाओं से परे चला जाता है। असल सवाल यह है कि क्या नियुक्त पदाधिकारियों को जनता का चुनावी फैसला उलट सकने की इजाजत देने वाला कोई कानूनी ढांचा संविधान की लो.कतांत्रिक मूलभावना का उल्लंघन करता है। संशोधनों के जरिये वर्ष 2019 के अधिनियम में धारा 15ए और 15बी को शामिल किया गया, जो निर्वाचित विधानसभा में महिलाओं की अपर्याप्त नुमाइंदगी की स्थिति में दो महिलाओं को मनोनीत करने की मौजूदा शक्ति के अलावा, एलजी को दो कश्मीरी प्रवासियों (एक महिला सहित) और पाकिस्तान-अधिकृत जम्मू-कश्मीर समुदाय से एक व्यक्ति को मना.ेनीत करने की इजाजत देते हैं। इस तरह पांच मनोनीत सीटें बनती हैं। हाईकोर्ट ने इस मुद्दे को जिस तरह सूत्रबद्ध किया है उसमें इससे जुड़े जोखिमों को स्वीकार किया गया हैरू यह ह्अल्पमत सरकार को बहुमत की सरकार में बदल सकता है या इसका उल्टा भी कर सकता है, जिससे चुनावी प्रक्रिया उलट सकती है। यह चिंता बेबुनियाद नहीं है , साल 2021 में, लक्ष्मीनारायणन के शासन के तीन साल बाद, पुडुचेरी में मना.ेनीत सदस्यों और दल-बदल करने वाले निर्वाचित विधायकों ने कांग्रेस-नीत सरकार गिराने में योगदान दिया। इसके अलावा, निर्वाचित प्रतिनिधियों से सलाह-मशविरे के बिना जम्मू एवं कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया, जो लोकतांत्रिक जवाबदेही को और ज्यादा महत्वपूर्ण बनाता है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वीकारे जाने और जम्मू एवं कश्मीर में भारी समर्थन होने के बावजूद राज्य के दर्जे की बहाली का वादा अधूरा है, जो और भी जरूरी बनाता है कि मौजूदा इंतजामात को लोकतांत्रिक शासन मजबूत करना चाहिए। मंत्रालय की यह दलील कि मनोनयन ह्निर्वाचित सरकार के कामकाज के दायरे के बाहरह्न हैं, सुप्रीम कोर्ट के फैसलों द्वारा विकसित हो रहे न्यायसिद्धांत के विपरीत हैं। वर्ष 2018 और 2023 के दिल्ली की सेवाओं के मामलों में, उसने फैसला दिया कि एलजी को निर्वाचित सरकारों की सहायता और सलाह से काम करना चाहिए।

## भारत लोकतंत्र की जननी, हमारे लिए संविधान सर्वोपरि



भारत लोकतंत्र की जननी है, हमारे लिए संविधान सर्वोपरि है, आजादी के त्योहार में शामिल होने वाले सभी देशवासी हमारा परिवार हैं, हमारा संविधान एक जीवंत दस्तावेज है, जो हमारी सामाजिक अस्मिता का मूल आधार है, किसी राष्ट्र के इतिहास में 75 साल का इतिहास पलक झपकने जैसा होता है, भारत के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है, इस काल खंड में भारत की चेतना जागी, इस ऐतिहा.सिक अवसर पर आप सबको संबोधित करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है,15 अगस्त की तारीख हमारी सामूहिक स्मृति में गहराई से अंकित है, औपनिवेशिक शासन की लंबी अवधि के दौरान देशवा.सियों की अनेक पीढ़ियों ने यह सपना देखा कि एक दिन देश स्वाधीन होगा, देश के हर हिस्से में रहने वाले सभी लोगों ने विदेशी शासन की बेड़ियों को तोड़ेंकने के लिए व्याकुल थे।

-द्रौपदी मुर्मू
राष्ट्रपति

# आजादी के 78 वर्षों में कितने बदले लोकतंत्र के हालात





योगेश कुमार गोयल

प्रत्येक भारतवासी के लिए 15 अगस्त का दिन गौरव का दिन है क्योंकि इसी दिन भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी। हालांकि स्वतंत्रता दिवस को लेकर आज भी देश के प्रत्एक नागरिक के दिलोदिमाग में वही जज्बा और उत्साह समाहित है लेकिन जब हर वर्ष स्वतंत्रता के प्रतीक तिरंगे के नीचे खड़े होकर बहुत सारे ऐसे जनप्रतिनिधियों को देश की रक्षा व प्रगति का संकल्प लेते देखते हैं, जो वर्षभर सरेआम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते देखे जाते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि आखिर ऐसी संकल्प अदायगी से देश को हासिल क्या होता है? देश को आजाद हुए सात दशक से अधिक हो चुके हैं लेकिन आजादी के इन 78 वर्षों में लोकतंत्र के पवित्र स्थल संसद और विधानसभाओं के हालात किस कदर बदले हैं, वह किसी से छिपा नहीं है, जहां अभद्रता की सीमा पार करते जनप्रतिनिधि गाली-गलौच, उठापटक से लेकर कुर्ता-फाड़ राजनीति तक उतर आते हैं। विधानसभाओं की तो क्या बात करें, जब संसद की कार्यवाही ही कभी विपक्ष और कभी स्वयं सत्ता पक्ष द्वारा ही कई-कई दिनों तक लगातार नहीं चलने दी जाए तो राष्ट्र के लिए इससे ज्यादा चिंतनीय स्थिति और क्या हो सकती है? संसद में होने वाले ऐसे हंगामों के कारण प्रति मिनट आम आदमी के करीब ढ़ाई लाख रूपए बर्बाद होते हैं यानी हर एक घंटे में करीब डेढ़ करोड़ रूपए खर्च होते हैं। अब चूंकि संसद की कार्यवाही प्रतिदिन 6 घंटे चलनी होती है, ऐसे में संसद के दोनों सदनों में दोनों पक्षों के विरोध, हो-हल्ले और शोर के कारण जनता के खून-पसीने की कमाई के प्रतिदिन करीब 9 करोड़ रूपए से अधिक बर्बाद हो जाते हैं।

गंभीर चिंतन का विषय है कि वर्षों की गुलामी के बाद मिली आजादी को आज हम जिस रूप में संजोकर रख पाए हैं, वह 78 वर्षों में ही कितना विकृत हो चुका है। आजादी के दीवानों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिस देश को आजाद कराने के लिए वे इतनी कुर्बानियां दे रहे हैं, वहां कुछ दशकों में ही आजादी की तस्वीर ऐसी हो जाएगी। हालांकि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश ने विकास के मार्ग पर तेजी से कदम बढ़ाए और विकास के अनेक सोपान तय किए हैं। तकनीकी कौशल हासिल करते हुए देश अंतरिक्ष तक जा पहुंचा है और चांद पर भी तिरंगा लहरा दिया है। लेकिन महिलाओं से दुर्व्यवहार की लगातार बढ़ती घटनाएं और समाज में अपराधों की बढ़ती सीमा को देख बुजुर्ग तो अब कहने लगे हैं कि गुलामी के दिन तो आज की आजादी से कहीं बेहतर थे, जहां अपराधों को लेकर मन में भय तो व्याप्त रहता था किन्तु कड़े कानून बना दिए जाने के बावजूद अपराधियों के मन में अब किसी तरह का भय नहीं दिखता। 'सैयां भए कोतवाल तो डर काहे का' कहावत हर कहीं चरितार्थ हो चली है। देश के कोने-कोने से सामने आते अबोध बच्चियों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के बढ़ते मामले आजादी की बेहद शर्मनाक तस्वीर पेश कर रहे हैं। कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ जिस तरह की दरिंदगी की गई है, ऐसे मामलों को देखते हुए और क्या कहा जाए? देश में महंगाई सुरसा की तरह बढ़ रही है, आतंकवाद की घटनाएं पग पसार रही हैं, आरक्षण की आग रह-रहकर देश को जलाती रहती है। इस तरह के हालात निश्चित तौर पर देश के विकास के मार्ग में बाधक बनते हैं। हर कोई सत्ता के इर्द-गिर्द राजनीतिक रोटियां सेंकता नजर आ रहा है, कोई सत्ता बचाने में लगा है तो कोई गिराने में। संसद और विधानसभाओं में हंगामे आए दिन की बात हो गई है।


आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा देश रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है। स्वार्थपूर्ण राजनी.ति ने माहौल को इस कदर विकृत कर दिया है, जहां से निकल पाना संभव ही नहीं दिखता। राजस्थान हो या उत्तर प्रदेश, हरियाणा हो या गुजरात अथवा महाराष्ट्र, आरक्षण के नाम पर उठते विध्वंसक आन्दोलनों की आग में से जब-तब बुरी तरह झुलसते रहे हैं और हर कोई इस तरह के परिवेश का राजनीतिक लाभ लेने की कवायद में जुटा नजर आता है। आजादी के बाद के इन करीब साढ़े सात दशकों में भ्रष्टाचार और अपराध इस कदर बढ़ गए हैं कि आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। बगैर लेन-देन के प्राय: कोई कार्य सम्पन्न नहीं होता। बड़े नेता की तो कौन कहे, छुटभैया नेताओं की भी चांदी हो चली है। आजादी के बाद लोकतंत्र के इस बदलते स्वरूप ने आजादी की मूल भावना को बुरी तरह तहस-नहस कर डाला है। यह आजादी का एक शर्मनाक पहलू ही है कि गिने-चुने मामलों को छोड़कर हत्या, भ्रष्टाचार, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों से विभूषित जनप्रतिनिधि अक्सर सम्मानित जिंदगी जीते रहते हैं। देश के ए बदले हालात आजादी के कौनसे स्वरूप को उजागर कर रहे हैं, विचारणीय है।

ऐसे बदरंग हालातों में यह सवाल रह-रहकर सिर उठाने लगता है कि आखिर कैसी है ए आजादी? आखिर आजादी का अर्थ क्या है? इस प्रश्न का उत्तर तब तक नहीं दिया जा सकता, जब तक कि यह न जान लिया जाए कि स्वतंत्र होना आखिर कहते किसे हैं? देश को? व्यक्ति को? समाज को? यह जानना भी जरूरी है कि क्या कुछ बुनियादी मानवाधिकारों से वंचित व्यक्ति, समाज या देश को स्वतंत्र कहा जा सकता है? क्या भोजन, कपड़ा और रहने की व्यवस्था, बीमारी से बचाव, भय-आतंक, शोषण व असुरक्षा से छुटकारा, साक्षर एवं शिक्षित होने के पर्याप्त अवसर मिलना और अन्य ऐसी ही कई बातें मानव के बुनियादी अधिकार नहीं हैं? क्या शोषण और उत्पीड़न से मुक्ति के संघर्ष को मानव का बुनियादी अधिकार नहीं माना जाना चाहिए? लोकतंत्र के हाशिए पर खड़ी देश की जनता को इस दिशा में फिर से मंथन करना आवश्यक हो गया है कि वह किस तरह की आजादी की पक्षधर है?

आज की आजादी, जहां तन के साथ-साथ मन भी आजाद है, सब कुछ करने के लिए, चाहे वह वतन के लिए अहितकारी ही क्यों न हो, या उस तरह की आजादी, जहां वतन के लिए अहितकारी हर कदम पर बंदिश हो। आज की आजादी, जहां स्वहित राष्ट्रहित से सर्वोपरि होकर देशप्रेम की भावना को लीलता जा रहा है, या वह आजादी, जहां राष्ट्रहित की भावना सर्वोपरि स्वरूप धारण करते हुए देश को आजाद कराने में गुमनाम लाखों शहीदों के मन में उपजे देशप्रेम का जज्बा सभी में फिर से जागृत कर सके। इस तरह के परिवेश पर सभी देशवासियों को आजादी के इस पावन पर्व पर सच्चे मन से मंथन कर सही दिशा में संकल्प लेने की भावना जागृत करनी होगी, तभी आजादी के वास्तविक स्वरूप को परिलक्षित किया जा सकेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आजादी के मतवालों के प्रेरक एवं रोचक प्रसंग



श्वेता गोयल

भारत माता को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने के लिए देश की आजादी की लड़ाई में हजारों देशभक्तों का योगदान अविस्मरणीय है। ऐसे ही कुछ प्रमुख देशभक्तों से जुड़े कुछ रोचक तथा प्रेरक प्रसंगों को स्वतंत्रता दिवस के विशेष अवसर पर स्मरण करना प्रासंगिक होगा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवावस्था में जब कॉलेज जाया करते थे, उन दिनों उनके घर के ही सामने एक वृद्ध भिखारिन रहती थी।

फटे-पुराने चिथड़ों में भीख मांगते देख सुभाष का हृदय रोजाना यह सोचकर दहल उठता कि कैसे यह बुढ़िया सर्दी हो या बरसात अथवा तूफान या कड़कती धूप, खुले में बैठकर भीख मांगती है और फिर भी उसे दो जून की रोटी भी नसीब नहीं होती। यह सब देखकर उनका हृदय ग्लानि से भर उठता। घर से उनका कॉलेज करीब तीन किलोमीटर दूर था। आखिकार प्रतिदिन बस किराए और जेब खर्च के लिए उन्हें जो भी पैसे मिलते, उन्होंने वो बचाने शुरू कर दिए और पैदल ही कॉलेज जाना शुरू कर दिया। इस प्रकार प्रतिदिन अपनी बचत के पैसे उन्होंने जीवनयापन के लिए उस बूढ़ी भिखारिन को देने शुरू कर दिए। 1942 में जब भारत छोड़ो आन्दोलन शिखर पर था, उस दौरान क्रांतिकारी हेमू कलानी को पता चला कि आन्दोलनकारियों का दमन करने के लिए अंग्रेज सैनिकों से भरी एक विशेष रेलगाड़ी सक्खर से गुजरने वाली है। हेमू और उसके एक-दो साथियों ने उस विशेष रेलगाड़ी को ही उड़ाने का निश्चय किया और वे सक्खर से कुछ दूर पटरियां उखाड़ने पहुंच गए। वे एक-दो फिश प्लेटें ही उखाड़ पाए थे कि पुलिस आ पहुंची और पुलिस वालों ने उन्हें वहीं धर दबोचा। हेमू कलानी ने अपने मित्रों को वहां से किसी तरह भगा दिया और स्वयं गिरफ्तार हो गए। गिरफ्तारी के बाद हेमू से उसके मित्रों के नाम उगलवाने हेतु उसे खूब यंत्रणाएं दी गई किन्तु वीर हेमू कलानी ने अपनी जुबान नहीं खोली और सारा अपराध अपने सिर ले लिया। सुभाष चंद्र बोस आई। सी। एस। की परीक्षा देने लंदन गए। साक्षात्कार के दौरान एक सदस्य ने एक अंगूठी दिखाते हुए उनसे पूछा, मि. सुभाष, क्या आप इस अंगूठी में से निकल सकते हैं? यस सर! सुभाष चंद्र बोस ने तुरन्त उत्तर दिया। फिर कागज के एक टुकड़े पर उन्होंने अपना नाम लिखा और उसे अंगूठी में से निकाल दिया। फिर यह प्रश्न पूछने वाले सदस्य की ओर मुस्कराकर देखते हुए कहा, देखिए, सुभाष अंगूठी में से निकल गया। भारत और सोवियत संघ की संयुक्त सहायता से अंकलेश्वर में तेल के कुएं खोदे गए। उनमें से तेल निकला तो नेहरू जी काफी प्रसन्न हुए और वे कुएं देखने गए तथा उनके बारे में जानकारी प्राप्त करने लगे। अचानक तेल के कुछ छींटे नेहरू जी के कपड़ों पर आ गिरे, जिससे वहां उपस्थित सभी अधिकारी व अन्य व्यक्ति काफी परेशानी में पड़ गए। उन्होंने नेहरू जी से कपड़े बदलने का अनुरोध किया। इस पर नेहरू जी पहले मुस्कराए और फिर गर्व से बोले, ''वाह! इन छींटों को क्यों छिपाऊं? मैं इन्हीं कपड़ों में संसद में जाऊंगा और सभी को शान से दिखाऊंगा हमारे देश में निकले मिट्टी के तेल के धब्बे।''

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खेड़ा अफगान: देश की आजादी में रही अहम भूमिका

विपिन चौधरी

खेड़ा अफगान: देश की आजादी के लिए क्रांतिकारियों ने बहुत संघर्ष किया। बहुत से क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति भी दी। जनपद में कई ऐसी जगह हैं जहां पर अंग्रेजी शासन को उखाड़ फेंकने के लिए क्रांतिकारियों की योजनाएं बनती थी यानी क्रांतिकारी इन जगहों पर इकट्ठा होते थे। ऐसी ही एक जगह है नकुड ब्लॉक का गांव रणदेवा है।यह गांव क्रांतिकारियों की शरण स्थली रहा है।









गांव में ऐतिहासिक प्यारे जी महाराज मंदिर है जहां पर क्रांतिकारियों का जमावड़ा होता था और उसका नेतृत्व करते थे महंत जगन्नाथ दास।इस मंदिर में क्रांतिकारियों को ट्रेनिंग दी जाती थी जैसे लाठी चलाना, भाला फेंकना आदि।क्रांतिकारियों के लिए यह जगह सुरक्षित थी और इसकी जानकारी अंग्रेजों को ज्यादा नहीं थी।महंत जी के नेतृत्व में जो क्रांतिकारी संघर्ष कर रहे थे उनमें मुख्य रूप से महाशय तुंगल सिंह गुर्जर बहादुरपुर, चौधरी रामनिवास पिलखनी,सुनहरा सिंह गुर्जर ढोलामाजरा, प्रताप सिंह गुर्जर नारायणपुर,अर्जुन सिंह गुर्जर बिश्नोट, चौधरी पवन सिंह गुर्जर ढायकी, परमानंद गुर्जर दैदपुरा, रूपराम सिंह गुर्जर नल्हेडा,राम.निवास गुर्जर पिलखनी, निरंजन सिंह गुर्जर जैनपुर, सहीराम गुर्जर जैनपुर, यतीन्द्र कुमार सिंह गुर्जर डूभर किशनपुर, तेलूराम शर्मा रणदेवा आदि थे।

**रेल की पटरियां उखाड़ते थे क्रांतिकारी**

रणदेवा के नजदीकी गांव जैनपुर के बुजुर्ग मास्टर वीर सिंह बताते हैं कि क्रांतिकारियों का मुख्य कार्य रेल की पटरियां उखाड़ना,बिजली या फिर टेलीफोन के तार काटना और सड़कों में गड्ढे खोदना था।इसके लिए बाकायदा प्यारे जी महाराज मंदिर में क्रांतिकारियों की मीटिंग होती थी और क्रांतिकारी मंदिर में रात्रि के समय ही आते थे और वहीं पर भोजन करते थे।यहीं पर उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाता था।

**एक बार मंदिर में पहुंच गए थे अंग्रेज अधिकारी**

मास्टर वीर सिंह बताते हैं कि एक बार क्रांतिकारियों की इस खुफिया जगह की भनक नकुड थाने के तत्कालीन इंस्पेक्टर डेनियल को लग गई थी। डेनियल बैलगाड़ी से अपनी टीम को लेकर जैनपुर गांव से होता हुआ रणदेवा पहुंचा था। वहां पर डेनियल को क्रांतिकारी तो नहीं मिले लेकिन मंदिर के छोटे महंत परिवर्तन दास द्धजो क्रांतिकारियों के लिए खाने की व्यवस्था करते थेऋ मिल गए थे। मास्टर वीर सिंह जी बताते हैं कि डेनियल ने उनकी खूब पिटाई की लेकिन उन्होंने किसी का भी नाम अपनी जुबान से नहीं खोला। किसी भी प्रकार का कोई भेद नहीं दिया।

**गांव में मुगलकालीन महल**

गांव रणदेवा के ऐतिहासिक होने का सबसे बड़ा सबूत गांव में प्यारे जी महाराज का बहुत पुराना मंदिर और गांव में ही मुगल कालीन महल है। ग्रामीण बताते हैं कि यह महल औरंगजेब ने प्यारे जी महाराज के लिए बनवाया था।इस महल को बनवाने के लिए औरंगजेब मजबूर हो गया था क्योंकि गांव में स्थित प्यारे जी महाराज के मंदिर को जब औरंगजेब की सेना तोड़ रही थी तो प्यारे जी महाराज ने अपना चमत्कार दिखाते हुए उनकी आंखों की रोशनी छीन ली थी ऐसी चर्चाएं हैं।परेशान होकर औरंगजेब ने उस मंदिर को दोबारा बनवाना पड़ा था। इसके साथ-साथ प्यारे जी महाराज के लिए महल का निर्माण भी औरंगजेब ने ही करवाया था। खुर्दबुर्द महल में आज भी कंकड़ों की ईंटें लगी हुई हैं।

**सरकार से अपील**


मास्टर नरेशचंद शर्मा, कंवरपाल प्रधान,सुरेश मुखिया जैनपुर, योगेंद्र सिरोही नल्हेड़ा आदि का कहना है कि रणदेवा गांव में महान क्रांतिकारी महंत जगन्नाथ दास का आश्रम है जो अब खंडहर में तब्दील हो चुका है ग्रामीणों की सरकार से मांग है कि उनकी निशानी के रूप में आश्रम का पुनरुद्धार किया जाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक चौधरी
अध्यक्ष
इंडस्ट्रियल फेडरेशन उ0प्र0
ए-43, साइड-IV साहिबाबाद, इंडस्ट्रियल एरिया, गाजियाबाद, यूपी


आप सभी को
15 August
स्वतंत्रता दिवस
एवं
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय प्रमुख


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अफजल अहमद सैफी
उत्तर प्रदेश कोर कमेटी सदस्य


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डा0 संजीव शर्मा
सदस्य
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
दिली मुबारकबाद
आरिफ अंसारी
समाजसेवी


आप सभी को राष्ट्रीय महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
चेयरमैन अमरजीत सिंह (बिड्डी)


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
रिषभ राणा
प्रदेश कोषाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल



DR. K.N. MODI FOUNDATION
MODINAGAR, GHAZIABAD (U.P.)
83 YEARS
DR. K.N. MODI UNIVERSITY (NCR)
ADMISSIONS OPEN 2025-2026
TOLL FREE :- 1800-212-1112
Happy Independence Day
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं!
67 Courses
26 Campuses
250 Acres Land
800+ Faculty
10,000+ Placements
1,000+ Girls in Hostel
38,500+ Students
11,000+ Girl Students
Available Streams
Courses Offered
B.TECH., MBA,
BBA, BCA,
D.Pharm, B.Pharm, M.Pharm,
B.Sc. (BIO-TECH),
B.Ed./M.Ed. (Only for Girls)
OTT | MLT | ECG & X-Ray
Modinagar - +91-8859-500-790 / 91 / 92 / 93.
E-mail: admissions@knmodifoundation.com


समस्त क्षेत्र वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. मंजू शिवाच
विधायक मोदीनगर
डॉ. देवेन्द्र शिवाच
वरिष्ठ भाजपा नेता
निवेदक : भारतीय जनता पार्टी मोदीनगर विधानसभा 57


MPS PUBLIC SCHOOL
Jagriti Vihar, Sector - 23, Sanjay Nagar, Ghaziabad
HAPPY INDEPENDENCE DAY
Phone No.- 9643705439
Email - mps0232@yahoo.in
Website - www.mpspublicschool.org


Happy
Independence
Day
ITS
THE EDUCATION GROUP
30 Years of
Academic Excellence
PROGRAMMES
• MANAGEMENT • I.T. • DENTISTRY • PHARMACY
• ENGINEERING • PHYSIOTHERAPY
CAMPUS ONE
BBA BCA
MBA MCA
PGDM
CAMPUS TWO
BDS MDS
BPT MPT
B.Pharm M.Pharm
D.Pharm Ph.D.
CAMPUS THREE
B.Tech
MBA
BBA BCA BPT
CAMPUS FOUR
BDS
MDS
CAMPUS FIVE
Chadha Public School
website : www.its.edu.in | /ITSEducationGroup | @ITSEduGroup


SUREVIN INTERNATIONAL RESIDENTIAL SCHOOL
Niwari, Modinagar, Ghaziabad, Contact - 07017446596, 8057431321
Wishes all
INDEPENDENCE DAY
15th AUGUST
Best Hostel Facilities
BOARD, JEE, NEET, NDA, CA, CS & CUET
IN ASSOCIATION WITH
TECHNO ACADEMY
ENROLL NOW!
PRE-NUR - XII
SAY NO TO COACHING
& YES TO SUREVIN SCHOOL
• Get tutored by the IIT-JEE, NEET Qualified Expert Faculty
• NEET, JEE Integrated Program for Class IX & XI
• Robotics Integrated for Class VI Onwards
• Sports Integrated for Class VI Onwards
JEE MAIN ACHIEVERS 2025
RISHABH
ARYAN GOYAL
HIMANSHI
TANVI


SRMIST 40
NAAC GRADE A++
SRM
DELHI NCR CAMPUS, GHAZIABAD (U.P.)
ADMISSION OPEN 2025
15TH AUGUST
INDEPENDENCE DAY
APPLY NOW
PROGRAMS OFFERED
UNDERGRADUATE PROGRAMS
B.TECH
BBA
BCA
B.Sc
B.Sc
BCA
B.Pharm
POSTGRADUATE PROGRAMS
M.TECH
MCA
MBA
M.TECH
MCA
DOCTORAL PROGRAMS
Ph.D
12925+ Job Offers
1734+ Companies Visited
65 LPA Highest Salary
44+ Global Offers
203+ 20 LPA & Above
200+
1800-889-3496
011-41676464
www.srmup.in
admissions@srmup.in
DELHI-NCR CAMPUS Ghaziabad U.P.


कैंसर की प्रभावी देखभाल के लिए समय पर पहचान ज़रूरी है।
YASHODA MEDICITY
INDIRAPURAM, GHAZIABAD
नियमित जांच जोखिम की पहचान में मदद करती है और समय पर बचाव सुनिश्चित करती है।
दिनांक- 17 अगस्त, 2025 | समय- प्रातः 9.30 बजे से 3 बजे तक
हमारे मेगा कैंसर कैंप
में शामिल हों
निःशुल्क
सभी आवश्यक जांचों पर 50% की छूट
WHO SHOULD ATTEND:
रजिस्ट्रेशन शुल्क ₹200/- ONLY
Yashoda Medicity, Indirapuram, Ghaziabad
Emergency - 8800811811
Website: www.yashodahospital.org


15th August
INDIA
INDEPENDENCE DAY
स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सौजन्य से
T.R.M. GROUP OF INSTITUTIONS
T.R.M.PUBLIC SCHOOL,MODINAGAR & T.R.M.PUBLIC SCHOOL,MURADNAGAR
VINOD KUMAR MAHESHWARI
PRESIDENT - MANAGER
GAURAV MAHESHWARI
MANAGER
RADHIKA MAHESHWARI
CHAIRPERSON
SALIENT FEATURES
MRS. RAJNI OHRI
Principal
T.R.M. PUBLIC SCHOOL, MODINAGAR
MRS. RUCHI AGGARWAL
Principal
T.R.M. PUBLIC SCHOOL, MURADNAGAR


नगर पालिका परिषद, मोदीनगर
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पालिका मोदीनगर अपने सम्मानित नागरिकों से निम्न अनुरोध करती है
1. जलकर व गृहकर का भुगतान समय पर करें।
2. पॉलीथिन का उपयोग ना करें।
3. शहर के विकास में नगर पालिका को सहयोग करें।
4. पीने के जल को व्यर्थ न बहने दें।
5. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण समय से करायें।
6. सड़कों पर गंदगी ना फैलाएं और कूड़े कचरे को यथा स्थान पर ही डालें
7. नगर पालिका की संपत्ति आपकी है इसकी सुरक्षा की नैतिक जिम्मेदारी समझे
8. शहर के विकास में अपना योगदान कर नगर पालिका की सहायता करें
नगर पालिका परिषद मोदीनगर आपके हर संभव विकास के लिए तत्पर है जिसमें आपका सहयोग भी अति आवश्यक है
नरेंद्र मोहन मिश्रा
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
मोदीनगर
विनोद वैशाली
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
मोदीनगर
निवेदक : समस्त सभासदगण नगर पालिका परिषद, मोदीनगर


SDGI GLOBAL UNIVERSITY
Developing Youth as Global Leaders
ADMISSION OPEN 2025-26
19+ Years of Legacy
NEP-2020 Based Program
(National Education Policy)
15 HAPPY INDEPENDENCE DAY
Engineering
Pharmacy
Architecture
Management
Sciences
Commerce
Law
Education
Art & Humanities
Hotel Management
Computer Applications
7840090830, 8595909280/81
www.sgu.edu.in
Toll Free: 1800 890 3280
NH-9, Delhi-Hapur Road, Ghaziabad-201015 (Delhi-NCR)